# दैनिक बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

एक विश्वास....

लखनऊ, कानपुर, कन्नौज, बरेली, सीतापुर, सोनभद्र, गोण्डा, बाराबंकी, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, अम्बेडकरनगर, फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, महराजगंज, रामपुर, रायबरेली, सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित ।

सम्पादक : राजेश शर्मा

दैनिक बुद्ध का संदेश 8795951917, 9415163471 @budhakasandesh budhakasandeshnews@gmail.com www.budhakasandesh.com

उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

सिद्धार्थनगर

सोमवार , 25 मई 2026

वर्षः 13 अंक : 156 पृष्ठः 8

आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया



बॉक्स ऑफिस पर चांद मेरा दिल की ...8


## इबोला को लेकर सरकार की सलाह, बहुत जरूरी न हो तो कांगो, युगांडा और दक्षिण सूडान की यात्रा न करें



नई दिल्ली। अफ्रीका के कुछ हिस्सों में बुंडीबुग्यो स्ट्रेन के कारण फैले इबोला के प्रकोप को देखते हुए भारत सरकार ने नागरिकों को कांगो, युगांडा और दक्षिण सूडान की गैर–जरूरी यात्रा से बचने की सलाह दी है। यह सलाह विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा 17 मई को इस स्थिति को अंतरराष्ट्रीय चिंता का सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित करने के बाद जारी की गई है। सरकार ने कहा है कि इन देशों में रह रहे या यात्रा कर रहे भारतीय नागरिकों से आग्रह है कि वे स्थानीय अधिकारियों द्वारा जारी सार्वजनिक स्वास्थ्य दिशानिर्देशों का सख्ती से पालन करें, स्वच्छता संबंधी उच्च सावधानियां बरतें, लक्षण वाले व्यक्तियों के संपर्क से बचें और बुखार या संबंधित लक्षणों की स्थिति में तत्काल चिकित्सा सहायता लें।

## दिल्ली के हैदराबाद हाउस में जयशंकर और रूबियो की बैठक में बनी ग्लोबल रणनीति

देश की राजधानी दिल्ली के हैदराबाद हाउस में भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो के बीच एक महत्वपूर्ण प्रतिनिधिमंडल–स्तरीय बैठक हुई। इस बैठक में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों और वैश्विक मुद्दों पर गहराई से चर्चा हुई।

पहले दिन की बातचीत रही शानदारः बैठक के दौरान अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने भारत की तारीफ करते हुए कहा, ष्भारत यात्रा का यह पहला दिन ही बेहद शानदार रहा है। हम आज की अपनी मुलाकातों और बातचीत का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अमेरिका और भारत सिर्फ आम सहयोगी नहीं हैं, बल्कि हम दोनों रणनीतिक सहयोगी हैं और यह बात हमारे लिए बहुत मायने रखती है। दुनिया के अलग–अलग हिस्सों में वैश्विक सहयोग के लिए हमारे पास कई बड़े अवसर हैं। दो सबसे बड़े लोकतंत्रों की मजबूत साझेदारीः अमेरिकी विदेश मंत्री ने भारत और अमेरिका के मजबूत रिश्तों पर जोर देते हुए आगे कहा, ष्हमारे पास चर्चा करने और मिलकर काम करने के लिए बहुत सारे मुद्दे हैं। हम दुनिया के दो सबसे बड़े लोकतंत्र हैं और यही बात हमारे सहयोग का सबसे मजबूत आधार है। हमारे साझा हित इतने गहरे हैं कि इस साझेदारी को लगातार आगे बढ़ाना ही सबसे समझदारी भरा कदम है। यह किसी नए रिश्ते की शुरुआत नहीं है, बल्कि उस रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करना है जो पहले से ही बेहद ठोस और शक्तिशाली है।



### मुश्किल समय में खुली और सार्थक चर्चा का भरोसा

विदेश मंत्री जयशंकर ने दोनों देशों के मजबूत और पुराने रिश्तों पर भरोसा जताते हुए कहा, ष्मैं आज होने वाली इस बातचीत का बेसब्री से इंतजार कर रहा था। मौजूदा समय दुनिया के लिए थोड़ा मुश्किल जरूर है, लेकिन एक मजबूत और भरोसेमंद पार्टनर होने के नाते, मुझे पूरा विश्वास है कि हमारी यह बातचीत बहुत ही खुली, स्पष्ट और सार्थक साबित होगी।ष

# सीएम योगी बोलेः बकरीद पर सार्वजनिक स्थलों पर पशुओं की बलि स्वीकार्य नहीं

लखनऊ । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता की विभिन्न शिकायतों के समाधान के लिए प्रत्येक विकास खंड स्तर पर साप्ताहिक चौपाल लगाने का निर्णय लिया है। इन चौपालों में राजस्व वाद, घरेलू हिंसा, अवैध वसूली तथा स्थानीय स्तर पर दर्ज न होने वाली पुलिस शिकायतों जैसी आमजन से जुड़ी समस्याओं का तत्काल समाधान किया जाएगा। साथ ही सरकारी लाभार्थीपरक योजनाओं से वंचित पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ भी इन चौपालों के माध्यम से उपलब्ध कराया जाएगा।

रविवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित कानून–व्यवस्था एवं प्रशासनिक समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि शासन की प्राथमिकता जनता की समस्याओं का समयबद्ध, पारदर्शी और संतुष्टिपरक समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने निर्देश दिए कि इन चौपालों के संचालन के लिए शासन स्तर से विस्तृत एसओपी जारी की जाएगी तथा प्रत्येक आवेदन और शिकायत का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा।



जनपद स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति इन चौपालों में अनिवार्य रहेगी।

मुख्यमंत्री ने आईजीआरएस और सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से प्राप्त होने वाली शिकायतों को लेकर अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि हर शिकायत को पूरी गंभीरता से लिया जाए। केवल औपचारिक निस्तारण नहीं, बल्कि पीड़ित को वास्तविक राहत मिलनी चाहिए। बैठक में मुख्यमंत्री ने आगामी गंगा दशहरा और बकरीद पर्व को देखते हुए विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि बकरीद के अवसर पर सार्वजनिक स्थलों पर पशुओं की कुर्बानी की अनुमति नहीं होगी तथा प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। कुर्बानी केवल पूर्व निर्धारित स्थलों पर ही की जाएगी और किसी भी नई परंपरा को बढ़ावा नहीं दिया जाएगा।

सड़क पर नमाज नहीं होगी

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि नमाज केवल परंपरागत स्थलों पर ही अदा की जाए तथा सड़क मार्ग अवरुद्ध कर नमाज की अनुमति किसी भी स्थिति में न दी जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जिले में कुर्बानी के बाद अपशिष्ट निस्तारण की सुनियोजित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। खुले में मांस विक्रय प्रतिबंधित रहे तथा अवैध स्लॉटर हाउस किसी भी दशा में संचालित न हों। वैध स्लॉटर हाउस में भी निर्धारित क्षमता से अधिक पशु न रखे जाएं। उन्होंने पर्वों के दौरान बिजली आपूर्ति, स्वच्छता और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। संवेदनशील क्षेत्रों में पर्व से पूर्व फ्लैग मार्च किया जाए तथा धार्मिक स्थलों के आसपास पुलिस बल की सतत पैदल गश्त सुनिश्चित की जाए।

मुख्यमंत्री ने अलीगढ़, बिजनौर, सहारनपुर, रामपुर और संभल सहित संवेदनशील जनपदों के जिलाधिकारियों और पुलिस कप्तानों से संवाद करते हुए कहा कि विगत वर्षों की घटनाओं का अध्ययन कर संभावित अराजक तत्वों की सूची तैयार की जाए तथा आवश्यकतानुसार निषेधात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। सभी थाना, तहसील और जनपद स्तर पर पीस कमेटियों के साथ नियमित संवाद बनाए रखने के भी निर्देश दिए गए।

गंगा के घाटों पर होगी सफाई व्यवस्थाः गंगा दशहरा की तैयारियों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने प्रयागराज, वाराणसी, अयोध्या, चित्रकूट, हापुड़, मुजफ्फरनगर और अमरोहा सहित विभिन्न जनपदों में गंगा घाटों की साफ–सफाई, बैरिकेडिंग, एम्बुलेंस तैनाती, छायादार व्यवस्था तथा पार्किंग प्रबंधन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि तेज गर्मी को देखते हुए श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

## उदयनिधि स्टालिन ने कांग्रेस को बताया जोंक

### टीवीके सरकार के जल्द गिरने की भविष्यवाणी भी की

तमिलनाडु में डीएमके नेता और युवा विंग के सचिव उदयनिधि स्टालिन ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला है। यह विवाद तब शुरू हुआ, जब कांग्रेस ने मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय की पार्टी टीवीके के नेतृत्व वाली सरकार को अपना समर्थन दे दिया। उदयनिधि ने पार्टी के एक कार्यक्रम में कहा कि डीएमके को कांग्रेस पर दोबारा कभी भरोसा नहीं करना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि डीएमके कार्यकर्ताओं की मेहनत और एमके स्टालिन के नेतृत्व की वजह से सीटें जीतने के बावजूद, कांग्रेस नेताओं में बुनियादी अहसानमंदी और शिष्टाचार की कमी है।



डीएमके ने कांग्रेस को बताया श्जोंकश

यह बयान डीएमके और कांग्रेस के बीच लगातार बढ़ रही कड़वाहट को दिखाता है। डीएमके की बैठक के दौरान कुछ प्रस्ताव भी पास किए गए, जिनमें कांग्रेस को पीठ में छुरा घोंपने वाला और सहयोगियों की मेहनत पर पलने वाला जोंक कहा गया। इसके साथ ही, उदयनिधि ने अपनी पार्टी के युवा कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे नए और पहली बार वोट देने वाले युवाओं के बीच जाकर उन्हें राजनीति के प्रति जागरूक करें।

किसी भी दिन सरकार गिर जाने की भविष्यवाणी

दूसरी तरफ, डीएमके अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने दावा किया है कि टीवीके सरकार अपना पांच साल का कार्यकाल पूरा नहीं कर पाएगी। स्टालिन ने कहा, ष्उनके पास कुल 120 विधायकों का ही समर्थन है। अपनी संख्या बढ़ाने के लिए उन्होंने एआईएडीएमके को तोड़ने की कोशिश की, लेकिन वे नाकाम रहे। उनकी हालत आज श्दीवार पर बैठी बिल्लीश जैसी है। यह सरकार किसी भी दिन गिर जाएगी।ष

### उदयनिधि ने कहा, हमें बिना बताए ही भाग गए

उदयनिधि स्टालिन ने कांग्रेस पर धोखा देने का आरोप लगाते हुए कहा, ष्कांग्रेस के पांच विधायकों की जीत डीएमके कार्यकर्ताओं की वजह से हुई थी। जनता ने उन्हें इसलिए वोट दिया क्योंकि वे एमके स्टालिन को मुख्यमंत्री बनाना चाहते थे। लेकिन आज कुछ पदों के लालच में वे हमें बिना बताए ही भाग गए।

### उदयनिधि का आरोप, कांग्रेस की वजह से देश में बीजेपी बढ़ी

उन्होंने पूरे देश में भाजपा के आगे बढ़ने के लिए भी कांग्रेस को ही जिम्मेदार ठहराया। उदयनिधि स्टालिन ने कहा, ष्पहले मुझे लगता था कि देश में बीजेपी की जीत की वजह प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह हैं।

## बन्थरा में व्यक्तिका शव घर में मिला, पुलिस जांच में जुटी

लखनऊ। थाना बन्थरा क्षेत्र के ग्राम भदोई, पोस्ट मवई पडियाना में शनिवार सुबह एक व्यक्ति का शव घर के कमरे में मिलने से क्षेत्र में शोक का माहौल फैल गया। सूचना मिलने पर थाना बन्थरा पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक जानकारी जुटाई।पुलिस के अनुसार ग्राम भदोई निवासी राजेश (49) का शव घर के कमरे में मिला। परिजनों द्वारा पुलिस के पहुंचने से पहले शव को नीचे उतार लिया गया था। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने परिजनों और स्थानीय लोगों से पूछताछ कर घटना से संबंधित जानकारी एकत्र की।प्रारंभिक जानकारी में सामने आया है कि मृतक हलवाई का कार्य करता था। परिवार में पत्नी, लगभग 18 वर्षीय पुत्री तथा करीब ढाई वर्ष का पुत्र है। घटना के बाद परिवार में गहरा शोक व्याप्त है।थाना बन्थरा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्रवाई शुरू कर दी है तथा पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। पुलिस का कहना है कि मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है और सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

## नीट की परीक्षा पर अरविंद केजरीवाल की हाथ जोड़कर अपील, सभी सीएम छात्रों के लिए बसें मुफ्त करें

नई दिल्ली। अरविंद केजरीवाल ने देश के सभी मुख्यमंत्रियों से एक खास अपील की है। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी शासित राज्यों समेत अन्य सभी प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों से कहा है कि वे अपने–अपने राज्यों में नीट की परीक्षा देने वाले छात्रों के लिए सरकारी बस सेवा को पूरी तरह मुफ्त कर दें।

पंजाब के बाद इन राज्यों ने भी किया ऐलान

इससे पहले पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने घोषणा की थी कि नीट देने वाले छात्रों को बस किराए में पूरी राहत दी जाएगी। केजरीवाल और भगवंत मान ने एक वीडियो शेयर कर यह जानकारी दी थी। पंजाब सरकार के इस फैसले के बाद अब हरियाणा और बिहार के मुख्यमंत्रियों ने भी अपने राज्यों में छात्रों के लिए मुफ्त बस सेवा का ऐलान कर दिया है।



आप सुप्रीमो ने सोशल मीडिया पर शेयर किया वीडियो

अरविंद केजरीवाल ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म श्एक्सश पर करीब एक मिनट का एक वीडियो शेयर किया। इस वीडियो में उन्होंने सभी मुख्यमंत्रियों से हाथ जोड़कर अपील करते हुए कहा, ष्सभी मुख्यमंत्रियों से मेरी प्रार्थना है कि कृपया 21 जून को नीट की दोबारा परीक्षा देने वाले सभी छात्रों के लिए बस यात्रा पूरी तरह मुफ्त कर दें।ष

केजरीवाल ने बिहार और हरियाणा सरकार की तारीफ की

केजरीवाल ने वीडियो में आगे कहा, ष्मुझे यह देखकर बेहद खुशी हुई कि बिहार और हरियाणा ने इस मामले में पंजाब सरकार की राह अपनाई है। मुझे उम्मीद है कि बाकी राज्यों के मुख्यमंत्री भी ऐसा ही कदम उठाएंगे।ष बता दें कि नीट परीक्षा को लेकर बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने श्एक्सश पर लिखा कि परीक्षा में शामिल होने वाले सभी छात्रों की सुविधा के लिए बिहार की सभी सरकारी बसों में सफर पूरी तरह मुफ्त रहेगा।

## व्हाइट हाउस के पास कई राउंड गोलीबारी, हमलावर भी ढेर

वाशिंगटन। अमेरिका में एक संदिग्ध शख्स ने व्हाइट हाउस के पास गोलीबारी की है। घटना के समय राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप व्हाइट हाउस में ही मौजूद थे। सुरक्षाबलों की जवाबी कार्रवाई में हमलावर को गोली लगी, जिसमें उसकी मौत हो गई। संदिग्ध युवक की पहचान 21 साल के नासिर बेस्ट के तौर पर हुई है। वह अमेरिका के मैरीलैंड राज्य का रहने वाला था। बीते एक महीने में ट्रंप के आसपास गोलीबारी की यह तीसरी घटना है। अमेरिका की सीक्रेट सर्विस ने बताया कि 17वीं स्ट्रीट और पेनसिल्वेनिया एवेन्यू के इलाके में एक व्यक्ति ने पूर्वी समयानुसार शाम 6 बजे अपने बैग से हथियार निकाला और गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिस अधिकारियों ने जवाबी गोलीबारी की, जिसमें संदिग्ध को गोली लगी। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां बाद में उसकी मौत हो गई। इस दौरान एक राहगीर को भी गोली लगी। सीक्रेट सर्विस ने बताया कि सभी सुरक्षाकर्मी–अधिकारी सुरक्षित हैं। रिपोर्ट के अनुसार, संदिग्ध ने सीक्रेट सर्विस के चेकपॉइंट पर पहुंचने से पहले इलाके में कुछ देर चक्कर लगाए। फिर उसने अपने बैग से पिस्तौल निकाली और वहां तैनात अधिकारियों पर गोली चलाना शुरू कर दिया। हमलावर ने 3 बार गोली चलाई।

## असम में बकरीद से पहले मस्जिद कमेटियों का बड़ा फैसला, गाय की कुर्बानी पर लगाई रोक, मुख्यमंत्री हिमंत ने की तारीफ



असम के कई जिलों में मस्जिद समितियों ने एक बड़ा फैसला लेते हुए घोषणा की है कि आगामी 28 मई को आने वाली बकरीद पर गाय की कुर्बानी नहीं दी जाएगी। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने इस कदम की सराहना करते हुए इसे एक स्वैच्छिक निर्णय बताया है। उन्होंने कहा कि यह फैसला बहुसंख्यक समुदाय की धार्मिक भावनाओं का सम्मान करता है। पूर्व विधायक की गिरफ्तारी के बीच फैसलाः मस्जिद समितियों की यह घोषणा ऐसे समय में हुई है, जब शनिवार को धुबरी के पूर्व विधायक अली अकबर मियां को गिरफ्तार किया गया है। उन पर आरोप है कि उन्होंने सोशल मीडिया पर एक विवादित पोस्ट शेयर की थी, जिसमें अधिकारियों को कुर्बानी में दखल न देने की चेतावनी दी गई थी और ऐसा करने पर गंभीर परिणाम भुगतने की बात कही गई थी।

### मुख्यमंत्री ने की फैसले की सराहना

मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने गोकशी के खिलाफ मस्जिदों द्वारा की गई इस अपील की खुलकर तारीफ की। उन्होंने इसके कानूनी और धार्मिक पहलुओं को समझाते हुए कहा कि ऐसे कदम समाज में सांप्रदायिक सद्भाव को और मजबूत करेंगे। सीएम सरमा ने सोशल मीडिया पर इस फैसले से जुड़ी खबरों की कतरनें साझा करते हुए लिखा, मैं इस प्रयास का स्वागत करता हूं।

### असम मवेशी संरक्षण अधिनियम का संदर्भ

मस्जिद समितियों की ओर से यह अपील असम मवेशी संरक्षण अधिनियम, 2021 के लागू नियमों के बीच आई है। यह कानून राज्य में बीफ के इस्तेमाल पर पूरी तरह प्रतिबंध तो नहीं लगाता, लेकिन मवेशियों के वध और उनके व्यापार पर कुछ सीमाएं जरूर तय करता है। इस अधिनियम के तहत मवेशियों की कुर्बानी के लिए पहले से अनुमति लेने और उनके अवैध परिवहन को रोकने के लिए बेहद कड़े नियम बनाए गए हैं।

## शुभेंदु सरकार का बड़ा फैसला, बकरीद पर अब दो दिन नहीं बल्कि एक दिन की होगी छुट्टी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में सत्ता परिवर्तन के बाद मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व वाली नई भाजपा सरकार लगातार पूर्ववर्ती ममता बनर्जी सरकार के फैसलों को पलट रही है। इसी कड़ी में राज्य सरकार ने ईद–उल–अजहा (बकरीद) की छुट्टियों को लेकर एक बड़ा और अहम आदेश जारी किया है। पिछली ममता सरकार ने इस साल बकरीद पर 26 और 27 मई को दो दिन की छुट्टी घोषित की थी

## डब्ल्यूएचओ ने इबोला को घोषित किया ग्लोबल हेल्थ इमरजेंसी, भारत सरकार ने भी उठाया ये सख्त कदम

नई दिल्ली । दुनिया भर में एक बार फिर से एक जानलेवा बीमारी का खौफ मंडराने लगा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इबोला वायरस के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए इसे श्ग्लोबल हेल्थ इमरजेंसीश (वैश्विक स्वास्थ्य आपातकाल) घोषित कर दिया है। इस बड़े ऐलान के बाद भारत में भी हड़कंप मच गया है और सरकार तुरंत अलर्ट मोड पर आ गई है। बीमारी की गंभीरता को समझते हुए भारत सरकार ने नागरिकों की सुरक्षा के लिए विशेष ट्रैवल एडवाइजरी जारी कर दी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इबोला के तेजी से फैलते संक्रमण और इससे होने वाली मौतों के आंकड़ों की गहन समीक्षा करने के बाद यह सख्त कदम उठाया है। ग्लोबल हेल्थ इमरजेंसी घोषित होने का सीधा मतलब है कि यह वायरस अब एक अंतरराष्ट्रीय खतरा बन चुका है और इससे निपटने के लिए सभी देशों को एकजुट होकर तुरंत कड़े कदम उठाने की सख्त जरूरत है। संगठन ने प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को तत्काल प्रभाव से बढ़ाने की चेतावनी दी है ताकि इस जानलेवा बीमारी को दुनिया के अन्य देशों में फैलने से रोका जा सके।

# ऐशबाग रेलवे स्टेडियम में फ्लड लाइट का शुभारंभ, उद्घाटन टी–20 नाइट मैच में डीआरएम एकादश ने मीडिया एकादश को 10 विकेट से हराया

लखनऊ,। पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल द्वारा ऐशबाग रेलवे स्टेडियम में स्थापित आधुनिक फ्लडलाइट व्यवस्था का भव्य शुभारंभ टी–20 नाइट क्रिकेट मैच के साथ किया गया। मंडलीय खेलकूद संघ, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के तत्वावधान में आयोजित इस मैत्रीपूर्ण मुकाबले में मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) एकादश और मीडिया एकादश आमने–सामने रहीं। आकर्षक रोशनी और खेल उत्साह के बीच आयोजित यह उद्घाटन मुकाबला दर्शकों के लिए रोमांच और उत्साह से भरपूर रहा।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंडल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल रहे, जबकि लखनऊ मंडल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रुति गुप्ता विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक (संचालन) नीतू, खेल अधिकारी धनंजय मिश्रा, रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी, मीडिया प्रतिनिधि, उनके परिजन तथा बड़ी संख्या में रेलवे कर्मचारी भी मौजूद रहे। मंडल रेल प्रबंधक ने फ्लडलाइट की रोशनी में खेले जा रहे इस उद्घाटन मैच का शुभारंभ कर खेल गतिविधियों को नई दिशा देने की पहल को महत्वपूर्ण बताया।अपने संबोधन में मंडल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल ने मीडिया प्रतिनिधियों की उपस्थिति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि मीडिया समाज और संस्थाओं के बीच एक मजबूत सेतु की भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि रेलवे की उपलब्धियों और जनहितकारी पहलों को आमजन तक पहुंचाने में मीडिया की सकारात्मक भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने उपस्थित मीडिया कर्मियों का स्वागत करते हुए उनका आभार भी व्यक्त किया।उन्होंने कहा कि ऐशबाग रेलवे स्टेडियम में स्थापित आधुनिक फ्लडलाइट व्यवस्था भविष्य में रात्रिकालीन खेल प्रतियोगिताओं और अभ्यास सत्रों के आयोजन में मील का पत्थर साबित होगी। इससे रेलवे खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी और खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का नया मंच मिलेगा।मैच में मीडिया एकादश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 5 विकेट के नुकसान पर 94 रन बनाए। टीम की ओर से सुधीर तिवारी ने सर्वाधिक 35 रनों की पारी खेली, जबकि पंकज पांडेय ने 14 रन बनाकर योगदान दिया। डीआरएम एकादश की ओर से शिव प्रताप सिंह, बलराम निषाद और पंकज कुमार सिंह ने सधी हुई गेंदबाजी करते हुए एक–एक विकेट अपने नाम किया।95 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मंडल रेल प्रबंधक एकादश ने शुरुआत से ही आक्रामक बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया। सलामी बल्लेबाज राहुल यादव और पंकज कुमार सिंह ने शानदार तालमेल के साथ बल्लेबाजी करते हुए मैच को एकतरफा बना दिया। राहुल यादव ने 28 गेंदों में नाबाद 43 रन बनाए, जिसमें 6 चौके और 1 छक्का शामिल रहा। वहीं पंकज कुमार सिंह ने 37 गेंदों पर नाबाद 43 रन बनाते हुए 5 चौके और 2 छक्के जड़े।डीआरएम एकादश ने बिना कोई विकेट गंवाए मात्र 10.5 ओवरों में 98 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया और मीडिया एकादश को 10 विकेट से शिकस्त दी। फ्लडलाइट के उद्घाटन अवसर पर खेले गए इस ऐतिहासिक टी–20 नाइट मैच में शानदार जीत दर्ज कर डीआरएम एकादश ने यादगार शुरुआत की।मैच के समापन के बाद आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में मंडल रेल प्रबंधक ने विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया तथा खिलाड़ियों के खेल कौशल और खेल भावना की सराहना की।

## ग्यारह हजार के चपेट में आया मासूम कटाया गया हाथ

दैनिक बुद्ध का संदेश

उसका बाजार/सिद्धार्थनगर। मुकामी थाना क्षेत्र के अशोक नगर वार्ड नंबर 06 महुआ में छत पर खेल रहा था मासूम आया ग्यारह हजार के चपेट में बुरी तरह से झुलस गया । परिजन जैसे ही देखा मासूम को मेडिकल कॉलेज सिद्धार्थनगर ले जाया गया जहां डॉक्टर ने हालत को देखते हुए मासूम को रेफर कर दिया । लड़के के मामा ने बताया कि मेरा भांजा 18 मई को सायं 5 बजे छत पर खेल रहा था और छत के ठीक सटे ग्यारह हजार की लाइन गई है और बिजली विभाग पर गंभीर आरोप लगाया है कही कि घर के ठीक सटे ग्यारह हजार बोल्टेज लाइन गया है मेरा लड़का छत पर खेल रहा था और लाइन के चपेट में आ गया भांजा को केजीएमयू लखनऊ में भर्ती कराया गया है डॉक्टर ने लड़का का हाथ काटने का फैसला किया और हाथ का ऑपरेशन कर हाथ को निकाल दिया गया है। वही मासूम के मामा ने थाना उसका बाजार में तहरी देकर बिजली विभाग पर कार्यवाही की मांग की है। थाना प्रभारी संतोष तिवारी ने बताया कि तहरीर मिली है जांच कर उचित कार्यवाही की जाएगी।

## भीषण गर्मी में स्काउट्स–गाइड्स ने यात्रियों को बांटा शीतल जल, ऐशबाग और मैलानी स्टेशन पर चला 'निशुल्क प्याऊ' अभियान

लखनऊ। भीषण गर्मी के बीच यात्रियों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल के भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ द्वारा ऐशबाग और मैलानी रेलवे स्टेशनों पर 'निशुल्क वाटर सर्विसदृप्याऊ' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस सेवा अभियान के तहत स्टेशन परिसर में मौजूद यात्रियों के साथ–साथ ट्रेनों में सफर कर रहे लोगों को शीतल पेयजल उपलब्ध कराया गया, जिससे यात्रियों को गर्मी से काफी राहत मिली।यह कार्यक्रम पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल के मंडल रेल प्रबंधक एवं भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के अध्यक्ष गौरव अग्रवाल के मार्गदर्शन तथा जिला आयुक्त गाइड डॉ. रंजना पाटनी के नेतृत्व में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य भीषण गर्मी के दौरान यात्रियों को राहत पहुंचाने के साथ–साथ मानव सेवा का संदेश देना था।अभियान के दौरान स्काउट्स और गाइड्स के स्वयंसेवकों ने स्टेशन पर आने–जाने वाले यात्रियों तथा ट्रेनों में सफर कर रहे लोगों को शीतल जल वितरित किया। अचानक बढ़े तापमान और तेज गर्मी के बीच इस पहल को यात्रियों ने राहतकारी बताते हुए सराहना की। कई यात्रियों ने कहा कि इस प्रकार की सेवा यात्रा के दौरान बड़ी राहत प्रदान करती है।रेलवे अधिकारियों के अनुसार, यह सेवा कार्य केवल पेयजल वितरण तक सीमित नहीं रहा, बल्कि समाज सेवा और मानवता के प्रति भारत स्काउट्स एवं गाइड्स संगठन की प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। संगठन का उद्देश्य जरूरतमंद लोगों तक सहायता पहुंचाने और सामाजिक दायित्वों के निर्वहन में युवाओं की सहभागिता बढ़ाना है।इस अवसर पर ऐशबाग ग्रुप, बादशाहनगर ग्रुप और मैलानी ग्रुप के स्काउट्स, गाइड्स, रोवर–रेंजर तथा लीडर्स ने सक्रिय भूमिका निभाई।

# लेखपाल मुख्य परीक्षा में पेपर लीक की साजिश नाकाम, हाईटेक निगरानी में शांतिपूर्ण संपन्न हुई परीक्षा

लखनऊ,। उत्तर प्रदेश में भर्ती परीक्षाओं को लेकर वर्षों तक सक्रिय रहे पेपर लीक और नकल माफियाओं के नेटवर्क पर योगी सरकार की सख्ती लगातार भारी पड़ रही है। इसका ताजा उदाहरण लेखपाल मुख्य परीक्षा–2025 में देखने को मिला, जहां सोशल मीडिया के जरिए पेपर लीक की अफवाह फैलाने की कोशिश हुई, लेकिन प्रशासन और आयोग की तत्परता के आगे यह साजिश पूरी तरह विफल साबित हुई।

परीक्षा प्रदेश के 44 जिलों के 861 केंद्रों पर शांतिपूर्ण, पारदर्शी और कड़ी निगरानी के बीच संपन्न कराई गई।उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूपीएसएसएससी) द्वारा आयोजित इस परीक्षा में कुल 3,66,712 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 3,01,756 अभ्यर्थियों ने परीक्षा में हिस्सा लिया। परीक्षा में 82.29 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई, जो भर्ती प्रक्रिया के प्रति अभ्यर्थियों के बढ़ते विश्वास और पारदर्शी व्यवस्था को दर्शाती है।परीक्षा शुरू होने के कुछ समय बाद राजधानी लखनऊ के ऐशबाग स्थित गोपीनाथ लक्ष्मणदास रस्तोगी इंटर कॉलेज को लेकर सोशल मीडिया पर पेपर लीक की अफवाह फैलाने की कोशिश की गई। मामले की जानकारी मिलते ही जिला प्रशासन, आयोग और निगरानी टीमों ने तत्काल सक्रियता दिखाते हुए जांच शुरू कर दी। जांच में स्पष्ट हुआ कि प्रश्नपत्र और ओएमआर शीट पूरी तरह सुरक्षित और सीलबंद थीं तथा किसी प्रकार की अनियमितता सामने नहीं आई।अधिकारियों के अनुसार, एक परीक्षा कक्ष के कुछ अभ्यर्थी भ्रम की स्थिति में बाहर आ गए थे, जिसे कुछ लोगों ने पेपर लीक की घटना बताकर सोशल मीडिया पर भ्रामक प्रचार का रूप देने की कोशिश की। प्रशासन ने तत्काल स्थिति स्पष्ट की, जिसके बाद अभ्यर्थी दोबारा परीक्षा कक्ष में पहुंचे और परीक्षा सामान्य रूप से जारी रही।इस बार लेखपाल मुख्य परीक्षा की निगरानी पूरी तरह तकनीक आधारित व्यवस्था के तहत की गई। आयोग मुख्यालय से लेकर सभी परीक्षा केंद्रों तक कंट्रोल कमांड रूम के माध्यम से लाइव मॉनिटरिंग की व्यवस्था की गई थी। पूरे प्रदेश में 18,883 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे। इसके साथ ही 7,683 बायोमैट्रिक ऑपरेटर और 6,297 फ्रिस्किंग गार्ड तैनात किए गए थे, ताकि किसी भी प्रकार की नकल, प्रतिरूपण या फर्जीवाड़े को रोका जा सके।एआई आधारित पहचान प्रणाली के जरिए संदिग्ध गतिविधियों पर लगातार नजर रखी गई। इसी सतर्कता का परिणाम रहा कि बुलंदशहर में एक संदिग्ध अभ्यर्थी को तुरंत चिन्हित कर पुलिस के हवाले कर दिया गया। इससे परीक्षा प्रणाली की निगरानी व्यवस्था की प्रभावशीलता भी सामने आई।उत्तर प्रदेश में एक समय भर्ती परीक्षाएं पेपर लीक, सॉल्वर गैंग और नकल माफियाओं के कारण लगातार सवालों के घेरे में रहती थीं, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में सरकार द्वारा लागू की गई तकनीक आधारित निगरानी, बायोमैट्रिक सत्यापन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित पहचान प्रणाली और प्रशासनिक जवाबदेही ने परीक्षा प्रणाली में बड़ा बदलाव किया है। लेखपाल मुख्य परीक्षा–2025 का शांतिपूर्ण आयोजन इस बात का संकेत माना जा रहा है कि अब प्रदेश में भर्ती परीक्षाएं पारदर्शिता, सुरक्षा और सख्ती के नए मानकों के साथ आगे बढ़ रही हैं।

## भीषण गर्मी में निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए मुख्यमंत्री सख्त, जवाबदेही तय करने के निर्देश

लखनऊ। भीषण गर्मी और लगातार बढ़ रही बिजली मांग के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए ऊर्जा विभाग को सख्त निर्देश दिए हैं। ऊर्जा विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि आमजन को गर्मी के मौसम में बिजली संकट का सामना न करना पड़े, इसके लिए उत्पादन से लेकर वितरण तक सभी व्यवस्थाओं को पूरी क्षमता और सतर्कता के साथ संचालित किया जाए।बैठक में मुख्यमंत्री ने प्रदेश की बढ़ती बिजली आवश्यकता को देखते हुए उत्पादन क्षमता बढ़ाने, ट्रांसमिशन नेटवर्क को और अधिक सुदृढ़ करने तथा फीडरवार जवाबदेही तय करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि बिजली आपूर्ति में अनावश्यक व्यवधान की स्थिति में संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही सुनिश्चित की जाए और स्थानीय स्तर पर समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाए।समीक्षा के दौरान बताया गया कि प्रदेश में बिजली की पीक मांग 30,339 मेगावाट तक पहुंच चुकी है। इसके बावजूद विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को संतुलित और सुचारु बनाए रखने के प्रयास जारी हैं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि मांग और आपूर्ति के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर किसी भी क्षेत्र में अनावश्यक कटौती से बचा जाए तथा शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में निर्धारित रोस्टर के अनुरूप आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।मुख्यमंत्री ने स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को समय पर और सही बिल उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को बिलिंग संबंधी किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए तथा शिकायत मिलने पर उसका त्वरित और पारदर्शी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

## मोहनलालगंज में पुरानी रंजिश में हमला, उपचार के दौरान व्यक्ति की मौतय सगे भाई समेत दो हिरासत में

लखनऊ, 24 मई। राजधानी के मोहनलालगंज क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर हुए हमले में गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने मुकदमे में गैर इरादतन हत्या से संबंधित धारा बढ़ाते हुए त्वरित कार्रवाई के तहत मृतक के सगे भाई और चचेरे भाई को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश में लगातार दबिश दी जा रही है।पुलिस के अनुसार, 23 मई 2026 को थाना मोहनलालगंज में पीड़िता ने लिखित तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उसके पति जमुना प्रसाद (40), निवासी ग्राम गोपाल खेड़ा, थाना मोहनलालगंज, अपने कार्यस्थल पावर ग्रिड खुजेहटा से घर लौट रहे थे। इसी दौरान ग्राम बैलरिया खेड़ा के पास पहले से घात लगाए बैठे विपक्षियों ने उन्हें रोक लिया।तहरीर में आरोप लगाया गया कि पुरानी रंजिश को लेकर विपक्षियों ने गाली–गलौज करते हुए जमुना प्रसाद पर लाठी–डंडों और धारदार हथियारों से हमला कर दिया। हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। आरोपियों द्वारा घटना के दौरान जान से मारने की धमकी देने की बात भी सामने आई है। गंभीर रूप से घायल जमुना प्रसाद को परिजनों और स्थानीय लोगों की मदद से पहले अस्पताल पहुंचाया गया, जहां हालत नाजुक होने पर उन्हें ट्रॉमा सेंटर, किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) रेफर कर दिया गया।घटना के संबंध में थाना मोहनलालगंज में मुकदमा अपराध संख्या 234ध्2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 191(2), 115(2), 352, 351(3) और 109 में मुकदमा दर्ज किया गया था। हालांकि उपचार के दौरान 24 मई 2026 को जमुना प्रसाद की मौत हो जाने के बाद पुलिस ने मामले में धारा 105 बीएनएस की वृद्धि कर दी है।

# अपहरण, मारपीट और ऑनलाइन ठगी के मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार, मड़ियांव पुलिस की कार्रवाई

लखनऊ। राजधानी की मड़ियांव पुलिस ने अपहरण, बंधक बनाकर मारपीट, लूट और ऑनलाइन धनराशि स्थानांतरित करने के गंभीर मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने आरोपी को मुखबिर की सूचना पर आईआईएम तिराहे के पास अजिजनगर क्षेत्र से गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के दौरान प्रयुक्त वाहन के दस्तावेज प्रस्तुत न किए जाने पर उसे मोटर वाहन अधिनियम के तहत सीज भी कर दिया गया है।पुलिस के अनुसार, मानसरोवर योजना एलडीए कॉलोनी, आशियाना निवासी आनंद कुमार वर्मा ने वर्ष 2024 में थाना आशियाना में मुकदमा दर्ज कराया था। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि कुछ लोगों द्वारा उनके साथ मारपीट, बंधक बनाने, धमकी देने और लूट की घटना को अंजाम दिया गया। साथ ही सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा के तहत ऑनलाइन माध्यम से धोखाधड़ी का मामला भी दर्ज किया गया था।जांच के दौरान घटनास्थल थाना मड़ियांव क्षेत्र में पाए जाने पर संयुक्त पुलिस आयुक्त अपराध एवं मुख्यालय के आदेश पर मुकदमे को थाना आशियाना से स्थानांतरित कर थाना मड़ियांव में मुकदमा अपराध संख्या 673ध्2024 के रूप में दर्ज किया गया। विवेचना के दौरान आरोपी हिमांशु मिश्रा का नाम प्रकाश में आया, जिसके बाद पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई थी।

पुलिस के मुताबिक, 23 मई 2026 को थाना मड़ियांव की टीम क्षेत्र में अपराध नियंत्रण और वांछित अभियुक्तों की तलाश में भिठौली तिराहे पर मौजूद थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि वांछित आरोपी हिमांशु मिश्रा आईआईएम तिराहे के पास अजिजनगर क्षेत्र में वाहन संख्या यूपी 32 आरआर 0478 के साथ मौजूद है।

सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और आरोपी को हिरासत में ले लिया।पूछताछ में आरोपी ने अपनी पहचान हिमांशु मिश्रा (25) निवासी बसंत विहार कॉलोनी, थाना मड़ियांव तथा मूल निवासी हरदोई के रूप में बताई। पुलिस के अनुसार आरोपी एकाउंटेंट का कार्य करता है। गिरफ्तारी के बाद उसे मुकदमा अपराध संख्या 673ध्2024 में दर्ज गंभीर धाराओं के संबंध में अवगत कराया गया। इसके साथ ही उसके कब्जे में मिले महिंद्रा बीई 6 इलेक्ट्रिक एसयूवी वाहन के कागजात प्रस्तुत न कर पाने पर वाहन को धारा 207 मोटर वाहन अधिनियम के तहत सीज कर दिया गया।पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर वादी को एक मकान में बंधक बनाकर रखा था। आरोप है कि इसी दौरान पीड़ित के खाते से ऑनलाइन माध्यम से धनराशि अन्य खातों में स्थानांतरित की गई और उसका मोबाइल फोन भी छीन लिया गया। मामले में धोखाधड़ी, बंधक बनाने, मारपीट और आपराधिक षड्यंत्र से जुड़ी गंभीर धाराएं जोड़ी गई हैं।पुलिस ने बताया कि गिरफ्तारी और बरामदगी की कार्रवाई के दौरान सर्वोच्च न्यायालय और मानवाधिकार आयोग के दिशा–निर्देशों का पालन किया गया। आरोपी को विधिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायालय में पेश किया जा रहा है। साथ ही उसके आपराधिक इतिहास की जानकारी अन्य थानों और जनपदों से जुटाई जा रही है। इस कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक शिवानंद मिश्र के नेतृत्व में उपनिरीक्षक अखिलेश सिंह, उपनिरीक्षक पुष्पेंद्र चौधरी, मुख्य आरक्षी आकाश सिंह और आरक्षी मंजीत सिंह शामिल रहे।

## जीरो एफआईआर के आधार पर सुशान्त गोल्फ सिटी में मुकदमा दर्ज, आरोपियों की तलाश में चार टीमें गठित

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के थाना सुशान्त गोल्फ सिटी क्षेत्र से जुड़े एक महिला उत्पीड़न प्रकरण में जीरो एफआईआर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए हैं। मामले में चार विशेष पुलिस टीमों का गठन किया गया है, जो संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दे रही हैं। पुलिस का कहना है कि प्रकरण की गंभीरता से जांच की जा रही है और साक्ष्यों के संकलन के साथ आवश्यक विधिक कार्रवाई जारी है।पुलिस के अनुसार, 22 मई 2026 को आनंद विहार जीआरपी, नई दिल्ली से महिला अपराध एवं सुरक्षा कार्यालय को जीरो एफआईआर संख्या 85ध्2026 प्राप्त हुई थी। प्राप्त प्रकरण में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 70(1), 123, 127(3) और 351(2) के अंतर्गत आरोप दर्ज किए गए थे। शिकायत में पीड़िता ने जनपद जौनपुर निवासी शिवम यादव, सनी यादव तथा शिवम के एक अन्य अज्ञात साथी पर गंभीर आरोप लगाए थे।प्रकरण की जांच और उपलब्ध तथ्यों के परीक्षण के दौरान घटना स्थल थाना सुशान्त गोल्फ सिटी क्षेत्र में पाया गया। इसके बाद मामले को स्थानीय क्षेत्राधिकार में लेते हुए थाना सुशान्त गोल्फ सिटी में मुकदमा अपराध संख्या 328ध्2026 के तहत संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि मामले में आवश्यक विधिक प्रक्रिया तत्काल प्रारंभ कर दी गई है।प्रारंभिक जांच में पुलिस के सामने यह तथ्य आया है कि पीड़िता और मुख्य आरोपी एक–दूसरे को लगभग चार से पांच वर्षों से जानते थे तथा दूर के रिश्तेदार भी बताए जा रहे हैं। हालांकि पुलिस का कहना है कि इस तथ्य को जांच का हिस्सा मानते हुए सभी पहलुओं की निष्पक्ष और गहन पड़ताल की जा रही है तथा किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले उपलब्ध साक्ष्यों का परीक्षण किया जाएगा।आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के लिए पुलिस ने चार अलग–अलग टीमों का गठन किया है।

# मड़ियांव पुलिस ने अवैध तमंचे के साथ युवक को दबोचा, कई मामलों में रहा है आरोपित

लखनऊ। राजधानी की मड़ियांव पुलिस ने अपराध नियंत्रण अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए अवैध तमंचा और कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी को केशवनगर चौकी क्षेत्र स्थित कबाड़ मंडी से पकड़ा गया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक देशी तमंचा और जिंदा कारतूस बरामद करते हुए आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस आरोपी के आपराधिक इतिहास की भी पड़ताल कर रही है।पुलिस के अनुसार, 23 मई 2026 को थाना मड़ियांव की पुलिस टीम क्षेत्र में अपराध नियंत्रण, वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की तलाश में केशवनगर चौकी क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि देशी शराब के ठेके के पीछे स्थित कबाड़ मंडी में एक संदिग्ध व्यक्ति अवैध तमंचे के साथ मौजूद है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और संदिग्ध युवक को पकड़ लिया।पकड़े गए युवक ने पूछताछ में अपना नाम सौरभ उर्फ पीयूष (28) निवासी अजीजगंज गीहार बस्ती, थाना कोतवाली, जनपद शाहजहांपुर बताया। पुलिस के मुताबिक, आरोपी कबाड़ का काम करता है। तलाशी के दौरान उसके पास से .315 बोर का एक अवैध देशी तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया।पुलिस ने आरोपी से तमंचे का लाइसेंस मांगा, लेकिन वह कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। पूछताछ में आरोपी ने कथित रूप से बताया कि वह तमंचा शौकिया तौर पर रखता था और कभी–कभी लोगों में भय दिखाने के लिए इसका इस्तेमाल करता था।मामले में थाना मड़ियांव पर मुकदमा अपराध संख्या 242ध्2026 के तहत धारा 3ध्25 आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपी को 23 मई की रात करीब 10रू55 बजे हिरासत में लेकर आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी। आरोपी को न्यायालय में पेश किया जा रहा है।पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी का आपराधिक इतिहास भी रहा है। उसके खिलाफ बरेली और शाहजहांपुर में लूट, चोरी, अवैध हथियार रखने तथा अन्य गंभीर धाराओं में कई मुकदमे दर्ज हैं।

इनमें वर्ष 2016 और 2024 के विभिन्न मामले शामिल बताए जा रहे हैं।इस कार्रवाई को प्रभारी निरीक्षक शिवानंद मिश्र के नेतृत्व में उपनिरीक्षक सत्येंद्र कुमार, उपनिरीक्षक अखिलेश कुमार, उपनिरीक्षक पुष्पेंद्र चौधरी, मुख्य आरक्षी दुर्गेश सिंह और आरक्षी दिग्विजय सिंह की टीम ने अंजाम दिया। पुलिस का कहना है कि आरोपी के आपराधिक नेटवर्क और अन्य गतिविधियों के संबंध में भी जानकारी जुटाई जा रही है।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में बीबीएयू में एक माह का योगिक व्यक्तित्व विकास शिविर शुरू

लखनऊ। बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ के योग विभाग द्वारा 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (आईडीवाईदृ2026) के उपलक्ष्य में 'द्वितीय योगिक व्यक्तित्व विकास शिविर' का आयोजन किया जा रहा है। एक माह तक चलने वाला यह विशेष शिविर 22 मई से 21 जून 2026 तक विश्वविद्यालय परिसर में संचालित होगा। शिविर का उद्देश्य 6 से 14 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के समग्र व्यक्तित्व विकास, मानसिक स्वास्थ्य संवर्धन और स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करना है।विश्वविद्यालय परिसर में प्रतिदिन प्रातः 6 बजे से 8 बजे तक आयोजित होने वाले इस शिविर में बच्चों को योगाभ्यास, ध्यान, प्राणायाम, भगवद्गीता मंत्रोच्चारण, कला एवं शिल्प गतिविधियों, मनोरंजक खेलों तथा जीवन कौशल एवं चरित्र निर्माण से संबंधित विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। विश्वविद्यालय प्रशासन का मानना है कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य दोनों का संतुलित विकास आवश्यक है।विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजकुमार मित्तल ने अपने संदेश में कहा कि बच्चे राष्ट्र के भविष्य की मजबूत नींव हैं और उनका शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बच्चों के बीच बढ़ता तनाव, मोबाइल और स्क्रीन की लत, एकाग्रता में कमी, व्यवहारिक समस्याएं, अवसाद, चिंता, सामाजिक अलगाव और भावनात्मक असंतुलन जैसी चुनौतियां तेजी से उभर रही हैं। ऐसे दौर में योग बच्चों के व्यक्तित्व विकास, मानसिक संतुलन और सकारात्मक जीवन मूल्यों के निर्माण का प्रभावी माध्यम बन सकता है।योग विभागाध्यक्ष डॉ. दिपेश्वर सिंह ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन, सकारात्मक सोच, मानसिक एकाग्रता और स्वस्थ जीवनशैली का विकास करना है। उन्होंने कहा कि योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि भावनात्मक स्थिरता, आत्मनियंत्रण और मानसिक शांति विकसित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।उन्होंने बताया कि शिविर के माध्यम से बच्चों में नेतृत्व क्षमता, सामाजिक सहभागिता, टीमवर्क, सृजनात्मकता और नैतिक मूल्यों के विकास पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। साथ ही बच्चों को योगिक जीवनशैली और भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों से भी परिचित कराया जाएगा, ताकि उनमें सकारात्मक दृष्टिकोण और अनुशासित जीवनशैली विकसित हो सके। विश्वविद्यालय परिवार ने अभिभावकों और आमजन से अपील की है कि वे अपने बच्चों को इस विशेष योगिक व्यक्तित्व विकास शिविर में शामिल होने के लिए प्रेरित करें, जिससे वे स्वस्थ, अनुशासित, आत्मविश्वासी और संस्कारित व्यक्तित्व का निर्माण कर सकें।

# जल – अर्पण 2026 कार्यक्रम में सांसद जगदंबिका पाल हुए शामिल











दैनिक बुद्ध का संदेश

डुमरियागंज/सिद्धार्थनगर। जल जीवन मिशन के अंतर्गत आयोजित "जल – अर्पण 2026" कार्यक्रम के तहत आज विकासखंड उसका बाजार की ग्राम पंचायत विनैका में "जल अर्पण दिवस" समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डुमरियागंज के लोकप्रिय एवं जनप्रिय सांसद जगदंबिका पाल मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं जल संरक्षण के संकल्प के साथ किया गया। इस अवसर पर सांसद श्री पाल ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार द्वारा संचालित "हर घर जल" योजना ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। उन्होंने कहा कि जल ही जीवन का आधार है और आने वाली पीढ़ियों के लिए जल संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश के गांवों तक पाइपलाइन के माध्यम से शुद्ध पेयजल पहुंचाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है, जिससे ग्रामीण जनता को बड़ी राहत मिली है। उन्होंने ग्रामवासियों से अपील की कि जल का सदुपयोग करें तथा जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाएं। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष श्री दीपक मौर्य जी, फतेह बहादुर सिंह, लालजी त्रिपाठी "लाल बाबा", मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह, अधिशासी अभियंता संजय जायसवाल, अवधेश कुमार, उमेश चौधरी, विपिन सिंह, समर बहादुर, राजेश मिश्रा, पंकज कुमार कनौजिया, अभय प्रताप सिंह, श्रेयांश सिंह, संदीप वर्मा, शिवम पांडे, अनुराग वर्मा, सर्वेश दुबे, जसवंत कुमार, राजकुमार, पंकज जायसवाल, आशुतोष सिंह एवं प्रदीप चौरसिया सहित अनेक जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी, ग्राम प्रधान, क्षेत्रीय कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान संबंधित अधिकारियों द्वारा जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई तथा ग्राम पंचायत में कराए जा रहे विकास कार्यों पर भी चर्चा की गई। उपस्थित लोगों ने जल संरक्षण एवं स्वच्छ पेयजल के महत्व को समझते हुए इसे जन आंदोलन बनाने का संकल्प लिया।

## महुलानी गांव में मिशन शक्ति अभियान, महिलाओं को साइबर अपराध व सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। सिद्धार्थनगर जनपद के थाना खेसरहा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम महुलानी में मिशन शक्ति 5 (प्प) अभियान के तहत बहू–बेटी सम्मेलन एवं साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देशन में थाना प्रभारी अनूप कुमार मिश्रा के नेतृत्व




में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान मिशन शक्ति टीम ने चौपाल के माध्यम से महिलाओं को महिला अपराध, घरेलू हिंसा, साइबर ठगी, सोशल मीडिया सुरक्षा एवं हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। पुलिस टीम ने महिलाओं को जागरूक करते हुए बताया कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल पुलिस हेल्पलाइन एवं महिला सहायता नंबरों का उपयोग करें। इस दौरान महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं सतर्क रहने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में गांव की बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया और पुलिस टीम द्वारा दी गई जानकारियों को ध्यानपूर्वक सुना।

## कपिलवस्तु विधानसभा के जगदीशपुर खुर्द में आयोजित शक्ति केंद्र बैठक में सांसद जगदंबिका पाल ने कार्यकर्ताओं को किया संबोधित





दैनिक बुद्ध का संदेश

डुमरियागंज/सिद्धार्थनगर। कपिलवस्तु विधानसभा अंतर्गत जगदीशपुर खुर्द स्थित बूथ संख्या 330 एवं 331 पर आयोजित शक्ति केंद्र बैठक में डुमरियागंज के लोकप्रिय एवं जनप्रिय सांसद जगदंबिका पाल जी प्रवासी के रूप में शामिल हुए। बैठक में संगठन की मजबूती, बूथ सशक्तिकरण एवं आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए सांसद श्री पाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सबसे बड़ी ताकत उसका मजबूत बूथ संगठन और समर्पित कार्यकर्ता हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से घर–घर संपर्क कर केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं के परिश्रम एवं जनता के विश्वास के बल पर भारतीय जनता पार्टी लगातार विकास एवं सुशासन की दिशा में आगे बढ़ रही है। सांसद जी ने कार्यकर्ताओं से संगठनात्मक गतिविधियों को और अधिक सक्रिय करने, बूथ स्तर तक संवाद मजबूत करने तथा आगामी कार्यक्रमों में बढ़–चढ़कर सहभागिता सुनिश्चित करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ है और संगठन की सफलता कार्यकर्ताओं की सक्रियता पर निर्भर करती है।

बैठक में सांसद प्रतिनिधि रिंकू पाल, पूर्व जिला अध्यक्ष लालजी त्रिपाठी "लाल बाबा", नगर अध्यक्ष सतीश रस्तोगी, शक्ति केंद्र संयोजक रामचंद्र अग्रहरी, अमरनाथ त्रिपाठी, सुनील कुमार, पंकज श्रीवास्तव, मनोज लोधी, ऋषभ त्रिपाठी, कंचन सिंह, जाहिर सिद्दीकी, चंद्रभान रस्तोगी, अजय रस्तोगी, राजेश लोधी, राम मोहन लोधी, आशीष अग्रहरी, रामेश्वर गुप्ता, उदय शंकर त्रिपाठी, उमाशंकर त्रिपाठी, राजेंद्र यादव सहित बड़ी संख्या में बूथ अध्यक्ष एवं पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक का समापन संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा केंद्र एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं को जन–जन तक पहुंचाने के संकल्प के साथ हुआ।

## प्रभारी एडीओ पंचायत के अधीनस्थ गांव में नियम विरुद्ध तरीके से लगाये गए चार हाईमास्ट लाइट

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। प्रभारी एडीओ पंचायत के विकास खण्ड बर्डपुर में भ्रष्टाचार थमने का नाम नहीं ले रहा है, दिन प्रति दिन एक नया–नया कारनामा सुनने में आ रहा है। ग्राम पंचायत द्वारा राज्यवित्त/पंचम वित्त योजना से हाईमास्ट लाइट लगाने में बड़े पैमाने पर अनियमितता सामने आई है। बर्डपुर ब्लाक के प्रभारी एडीओ पंचायत/सचिव ने नियम विरुद्ध तरीके से अपने अधीनस्थ एक ग्राम पंचायत बर्डपुर नं–11 में चार हाईमास्ट लाइट का राज्यवित्त/पंचम वित्त योजना से भुगतान करके सुर्खियों में आ गए। बर्डपुर ब्लाक के प्रभारी एडीओ पंचायत/सचिव अपने अधीनस्थ गांव में चार स्थानों पर नियम विरुद्ध तरीके से बिना टेंडर के ग्राम पंचायत द्वारा राज्यवित्त/पंचम वित्त योजना से चार हाईमास्ट लाइट का (420178) चार लाख बीस हजार एक सौ अठत्तर रुपया






| Type Of Transaction | Expenditures | Activity Code | 128321300 Wage/ Honorarium/ Remuneration to Staff (2025-2026) |
|---|---|---|---|
| Scheme Name | 5th State Finance Commission Development | | |
| Voucher Date | 20/05/2026 | Voucher No | 5THSFC/2026-27/P/2 |
| Account Head | Expenditure Heads 2515 - Panchayati Raj Programmes 00 101 - Administrative and Establishment 02 Wages 02 - Daily wage employees | Amount (in Rs.) | 420,178 |
| Particulars | GRAM PANCHAYAT ME VIBHINN STHANO PER HIGH MAST LIGHT LAGANE KA KARYA HETU KIYA GAYA BHUGTAN | Attached File | 1779229172644~V2.jpeg |
| Mode Of Payment | Details | To Whom Paid | Amount (in Rs.) |
| PFMS | Account Type:Bank Account No.:***************3532 | NAINS SUPPLIERS | 79,718 |
| PFMS | Account Type:Bank Account No.:***************3532 | NAINS SUPPLIERS | 79,718 |
| PFMS | Account Type:Bank Account No.:***************3532 | NAINS SUPPLIERS | 79,718 |
| PFMS | Account Type:Bank Account No.:***************3532 | NAINS SUPPLIERS | 79,718 |
| PFMS | Account Type:Bank Account No.:***************3532 | NAINS SUPPLIERS | 93,068 |
| PFMS | Account Type:Bank Account No.:***************3532 | SUDHANSHU PATHAK CONSULTING ENGINEER | 8,238 |

Report generated through eGramSwaraj (https://egramswaraj.gov.in/) on Sat, 23 May 2026 03:14:57 PM.

का भुगतान किया गया है, विभागीय सूत्रों के मुताबिक किसी भी ग्राम पंचायत द्वारा हाईमास्ट लाइट नहीं लगाया जा सकता है, प्रत्येक हाईमास्ट लाइट का 102985 लाख रुपया धनराशि एवं कंसंटिंग फीस 8238 रुपया का भुगतान हुआ है। जो हाईमास्ट लाइट लगाई गई है, जिसको भुगतान में दिखया गया है कि ग्राम पंचायत के विभिन्न स्थानों पर हाईमास्ट लाइट लगाने हेतु भुगतान शामिल है। विभागीय सूत्रों के मुताबिक प्रभारी एडीओ पंचायत/सचिव द्वारा हाईमास्ट लाइट के लिए विद्युत विभाग से अलग कनेक्शन भी नहीं लिया गया। विकास खण्ड बर्डपुर के ग्राम पंचायत बर्डपुर नं–11 में ग्राम पंचायतों द्वारा राज्यवित्त/पंचम वित्त योजना से हाईमास्ट लाइट लगाये जाने का नियम नहीं है, अगर ग्राम पंचायत द्वारा हाईमास्ट लाइट पर भुगतान किया गया है, तो उसकी जांच करके नियमानुसार कार्यवाही किया जायेगा। वाचस्पति झा डीपीआरओ सिद्धार्थनगर।

## थाना कोतवाली लोटन–सिद्धार्थनगर में आपरेशनकवच के अन्तर्गत तस्करी रोकथाम पर हुई बैठक





दैनिक बुद्ध का संदेश

लोटन/सिद्धार्थनगर। पुलिस अधीक्षक महोदय सिद्धार्थनगर द्वारा भारत नेपाल राष्ट्र की सीमा पर स्थित थाना लोटन जनपद सि0नगर मे आपरेशन कवच के अंतर्गत गो–तस्करी, ड्रग तस्करी, शराब तस्करी, मादक पदार्थ तस्करी की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 24/05/2026 को अपर पुलिस अधीक्षक महोदय प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी महोदय सदर श्री विश्वजीत शौरयानकुशल निर्देशन मे थानाध्यक्ष हरिओम कुशवाहा के कुशल नेतृत्व में आपरेशन कवच के अंतर्गत ग्राम सुरक्षा समिति के अध्यक्ष/सदस्यों, आपरेशन कवच टीम , स्थानीय पुलिस, कस्टम, इंटेलिजेंस ब्यूरो,एलआईयू, एसएसबी के साथ बैठक का आयोजन किया गया तथा विभिन्न बिन्दुओ जैसे . गो तस्करी,ड्रग तस्करी, शराब तस्करी,मादक पदार्थ तस्करी,खाद्यान्न तस्करी आदि विषयों पर चर्चा की गयी । प्रतिभाग करने वाले अधिकारी/कर्मचारी गण एवं अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद क्षेत्राधिकारी सदर विश्वजीत सौरयान एसडीएम श्री राहुल वत्स निरीक्षक श्री गौरव सिंह आपरेशन कवच–निरीक्षक श्री सौरभराय.एसएसबीउ0 नि0श्रीमनोहरलाल.एसएसबी एवंथानाध्यक्ष लोटन हरिओम कुशवाहा चौकी प्रभारी हरिवंशपुर राहुलगुप्ताकंप्यूटर आपरेटर गौरव कान्तहे0का0 मो0 खुर्शीदहे0का0 कन्हैया हे0का0 बुद्धेश कुमार का0 बलराम यादव म0का0 पूजा वर्माआदि सामिल रहीं।

## तेज रफ्तार का कहर : पोखरे में पलटी कार, तीन की मौत






दैनिक बुद्ध का संदेश

शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर। थाना शोहरतगढ़ क्षेत्र में रविवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। इटवा क्षेत्र से लौट रही एक तेज रतार कार अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित पोखरे में पलट गई। हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का इलाज स्थानीय अस्पताल में चल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, हादसे में ग्राम धनधरिया कला निवासी निसार अहमद (38 वर्ष) तथा नौशाद खान (17 वर्ष) की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं ग्राम पड़रिया निवासी अब्दुर्रहमान (32 वर्ष) भी इस हादसे की चपेट में आ गए। बताया जा रहा है कि वह सड़क किनारे वाहन का इंतजार कर रहे थे, तभी अनियंत्रित कार उन्हें कुचलते हुए पोखरे में जा पलटी, जिससे उनकी भी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में घायल असद और रियाज अहमद (35 वर्ष) को स्थानीय लोगों की मदद से कार से बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। घटना के बाद मौके पर अफरा–तफरी मच गई और भारी संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया। पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा मामले की जांच शुरू कर दी है।

## बीरेंद्र ग्रामीण स्टेडियम में शुरू हुआ बाउंड्री वाल का निर्माण कार्यक्रम



दैनिक बुद्ध का संदेश

शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर। बीरेंद्र ग्रामीण स्टेडियम, शोहरतगढ़ में लंबे समय से प्रतीक्षित बाउंड्री वाल निर्माण कार्य का रविवार को विधिवत पूजन–अर्चन के साथ शुभारंभ किया गया। चेयरमैन प्रतिनिधि रवि अग्रवाल ने पूजन कर निर्माण कार्य की शुरुआत कराई। इस दौरान खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों में खुशी का माहौल देखने को मिला। स्थानीय खिलाड़ियों ने कहा कि स्टेडियम में बाउंड्री वाल बनने से सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होगी और खिलाड़ियों को बेहतर वातावरण में अभ्यास करने की सुविधा मिलेगी। उन्होंने इसे क्षेत्र में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने की दिशा में अहम कदम बताया। सिद्धार्थनगर क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष उमेश प्रताप सिंह सहित अन्य पदाधिकारियों और खिलाड़ियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार खेल सुविधाओं के विकास पर विशेष ध्यान दे रही है, जिसका लाभ अब ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों को भी मिल रहा है। कार्यक्रम में कोच विवेक मणि त्रिपाठी, प्रहलाद मिश्रा, राजेश उपाध्याय, मनीष वर्मा, विनय प्रताप सिंह, मनोज सिंह सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोग, खिलाड़ी और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। लोगों ने उम्मीद जताई कि भविष्य में स्टेडियम में अन्य खेल सुविधाओं का भी विस्तार किया जाएगा, जिससे क्षेत्र की प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिल सके।

## सफाई और पेयजल के लिए परेशान हुए लोग

दैनिक बुद्ध का संदेश

उसका बाजार। कस्बा में स्थित नगर पंचायत कार्यालय पर शनिवार को हुई मारपीट से आक्रोशित हो कर नगर नपं कर्मियों ने रविवार को कार्य ठप रखा। इससे नगर के विभिन्न वार्डो में सफाई और पेयजल व्यवस्था बेपटरी हो गई। कस्बा के प्रमुख वार्ड आद्या प्रसाद और सुबास नगर में काफी गंदगी रही। यहां बाजार लगता है। क्षेत्र के सभी लोग बर्तन , कपड़ा, जेवर आदि लेने आते है। गंदगी से सभी परेशान रहे। इस दौरान पेयजल आपूर्ति भी ठप रहा। नागरिकों के काफी शोर शराबा करने पर दोपहर से पेय जल आपूर्ति शुरू हुई। तब जाकर लोगो ने राहत की सांस ली।

# सम्पादकीय

**लगातार पैसों की तंगी, कर्ज, बेरोजगारी, खाने–पीने, घर की सामान्य आवश्यकताएं पूरी न होना, रोग के ईलाज के लिए पैसे न होना, भविष्य की चिंता जैसे लम्बे समय से दबाव और तनाव से ये लोग अवसादग्रस्त हो जाते हैं। इसके अतिरिक्त नींद पूरी न होना तथा रोगग्रस्त होना, बैंक बैलेंस बिगड़ना, कुर्की होना, असफल होने का डर, बेरोजगारी, प्रेम सम्बन्ध टूटना, कम्पनी डूबना, नौकरी से...**

## मानसिक सेहत के लिए मनोविज्ञान शिक्षा जरूरी

वर्तमान में प्रत्येक व्यक्ति जीवन के तनाव, दबाव, संघर्ष, परेशानी, असफलता, नौकरी की चिंता, वैवाहिक जीवन की असफलता, अति महत्वाकांक्षा तथा अव्यक्त भय से गुजर रहा है। वैसे तो मनोरोग, अवसाद और मानसिक स्वास्थ्य जैसे विषय विशेषज्ञों तथा मनोवैज्ञानिक चिकित्सकों के व्यावसायिक अधिकार क्षेत्र में आते हैं। मनोवैज्ञानिक चिकित्सक ही डिप्रैशन, एंग्जायटी, मेंटल ट्रॉमा यानी मानसिक आघात, ओसीडी यानी ऑब्सेसिव कंपल्सिव डिसऑर्डर तथा सीजोफ्रेनिया जैसी बीमारियों का मानसिक, भावनात्मक और चिकित्सीय पहचान, निदान और उपचार करने के लिए अधिकृत होते हैं, लेकिन कोई भी शिक्षित तथा जागरूक व्यक्ति ऐसे मनोरोगी के सामान्य लक्षणों को पहचान कर उसे मनोविज्ञान चिकित्सक तक पहुंचा सकता है। परिवार तथा समाज में शिक्षित तथा जागरूक व्यक्तियों की सहायता से अवसादग्रस्त मनोरोगियों को सकारात्मक मार्गदर्शन से बचाया जा सकता है। वर्तमान में प्रत्येक व्यक्ति असफलताओं, विफलताओं, अति महत्वाकांक्षाओं, अपेक्षाओं, उपेक्षाओं, जीवन की पेचीदगियों, देनदारियों, भय तथा शोक से ग्रसित है और कमजोर है। व्यक्ति मानसिक अवसाद तथा मनोरोग के दलदल में फंसता ही चला जाता है। व्यक्ति को यह पता ही नहीं चलता कि वह कब अवसादग्रस्त हो गया है। जिसका आत्मबल कमजोर है, वह कभी भी भांग, शराब, चिट्टा रासायनिक तथा मादक पदार्थों के चक्कर में फंस सकता है। मादक पदार्थों के सेवन से वह कुछ समय के लिए दबाव तथा चिंतामुक्त हो जाता है। नशे के लिए शुरू होती है चोरी, डकैती, ठगी, मांगने की वृत्ति, मारपीट, घरेलू हिंसा। जिससे उसकी पारिवारिक तथा सामाजिक छवि पर बुरा प्रभाव पड़ता है। बैंकों के कर्ज, लोगों का उधार, कुर्की होना, भयग्रस्त होना तथा कोई भी अच्छा न होने के संकेत में वह गम्भीर अवसाद की स्थिति में चला जाता है। मनोरोगी व्यक्ति को यह लगता है कि अब उसका कोई नहीं है, वह अकेला है, अन्दर से टूट चुका है और वह परिवार व समाज के लिए बोझ है। अब उसके जीवित रहने का कोई औचित्य नहीं है। चारित्रिक, शारीरिक, पारिवारिक तथा सामाजिक पतन होने पर जब उसे कुछ भी नहीं सूझता तो वह आत्महत्या, आत्म–वध, आत्म विनाश तथा खुदकुशी का विकल्प ढूंढता है। आज प्रतिदिन आत्महत्या के बहुत से मामले सामने आ रहे हैं। अभावग्रस्त ही नहीं बल्कि प्रत्येक आयु वर्ग के बच्चे, युवा, अधेड़ तथा वृद्ध महिला और पुरुष भी अक्षम और असहाय पाकर क्षण भर में अपनी जीवन लीला समाप्त कर रहे हैं जो कि बहुत चिंतनीय तथा विचारणीय है। आज सामान्य जीवन में अधिकतर लोग अपने कार्यालयों, महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों के युवा तथा पाठशालाओं के अल्पायु के बच्चे भी दबाव, तनाव तथा मानसिक अवसाद जैसे दंश को झेल रहे हैं। मानसिक स्वास्थ्य और मानसिक अवसाद जैसे अति गम्भीर विषयों को सामान्य समझ कर प्राथमिकता नहीं दी जाती। शिक्षा और स्वास्थ्य की दृष्टि से यह बहुत ही गम्भीर और संवेदनशील विषय है। परिवार, समाज तथा शिक्षण संस्थान इस विषय पर सामान्य ज्ञान और सकारात्मकता से मनोरोगी का सही मार्गदर्शन कर सकते हैं। सामान्य तौर पर किसी भी व्यक्ति को पारिवारिक, सामाजिक, आर्थिक तथा भावनात्मक सुरक्षा की आवश्यकता रहती है। जब व्यक्ति अपने आप को सुरक्षित नहीं पाता तब वह सही व गलत का निर्णय लेने में अपने आप को असमर्थ पाकर ऐसा आत्मघाती कदम उठाता है। ऐसे व्यक्तियों का मनोबल तथा आत्मबल बहुत ही कमजोर होता है तथा वे निराशा एवं नकारात्मकता से भरे होते हैं। इनका आम व्यवहार सामान्य न होकर अव्यावहारिक तथा असंतुलित होता है। पारिवारिक दृष्टि से आवश्यक है कि ऐसे व्यक्तियों के आचार, व्यवहार, वार्तालाप, क्रोध तथा चिड़चिड़ेपन पर निरंतर नजर रखी जाए। उनके साथ बहुत ही संवेदनशील व्यवहार अपेक्षित होता है। अवसाद ग्रस्त लोगों को लगता है कि इनकी परिवार तथा समाज में कोई सुनने और समझने वाला नहीं है। ये लोग अपने आप को असहाय, असुरक्षित, बेकार और अकेला समझते हैं। सामाजिक अलगाव भी अवसाद का एक मुख्य कारण है। इसलिए इन लोगों को अकेलापन पसंद होता है।

## श्री हेमकुंड साहिब यात्रा

उत्तराखंड के धार्मिक और ट्रैकिंग स्थलों में से एक हेमकुंड साहिब यात्रा, बर्फ से ढके पहाड़ों से होकर गुजरती है। यह बर्फ से घिरी एक झील है। गुरुद्वारा श्री हेमकुंड साहिब सात बर्फ से ढके पहाड़ों से घिरा हुआ है। इससे आप समझ सकते हैं कि यहां का नजारा कितना अद्भुत होगा। इसलिए इस जगह को सप्तशृंग के नाम से भी जाना जाता है। हेमकुंड साहिब गुरुद्वारा सिखों का प्रसिद्ध धार्मिक स्थल है, जो उत्तराखंड के चमोली जिले में स्थित है। हेमकुंड साहिब की यात्रा हिंदुओं की पवित्र अमरनाथ यात्रा से भी जोड़ कर देखी जाती है। यहां दर्शन के लिए आने वाले लोग गुरुद्वारे के बाहर स्थित हिमालय की चोटियों के बीच हेमकुंड की झील में स्नान भी करते हैं। यह एक खूबसूरत झील है जो हिंदुओं और सिखों के लिए एक पवित्र स्थल है। गुरुद्वरा श्री हेमकुंड साहिब के कपाट इस बार 23 मई को खुल रहे हैं। यह यात्रा 23 मई से शुरू होकर 10 अक्तूबर तक चलेगी। हेमकुंड साहिब गुरुद्वारे की खोज 1930 में हवलदार सोहन सिंह ने की थी। समुद्र सतह से 4329 मीटर ऊंचाई पर स्थित इस गुरुद्वारे का निर्माण 70 के दशक में पूर्ण हुआ। यहां पहले एक मंदिर था, जिसका निर्माण भगवान राम के अनुज लक्ष्मण ने करवाया था। सिखों के दसवें गुरु गोबिंद सिंह ने यहां पूजा–अर्चना की थी। बाद में इसे गुरुद्वारा घोषित कर दिया गया। इस दर्शनीय तीर्थ में चारों ओर से बर्फ की ऊंची चोटियों का प्रतिबिंब विशालकाय झील में अत्यंत मनोरम एवं रोमांच से परिपूर्ण लगता है। इसी झील में हाथी पर्वत और सप्त ऋषि पर्वत श्रृंखलाओं से पानी आता है। एक छोटी जलधारा इस झील से निकलती है, जिसे हिमगंगा कहते हैं। झील के किनारे स्थित लक्ष्मण मंदिर भी अत्यंत दर्शनीय है। अत्यधिक ऊंचाई पर होने के कारण वर्ष में लगभग 7 महीने यहां झील बर्फ में जम जाती है। फूलों की घाटी यहां का निकटतम पर्यटन स्थल है। हेमकुंड साहिब पहुंचने के लिए श्रद्धालुओं को गोबिंदधाम से 19 किमी.पर्वतीय मार्ग की पैदल यात्रा करनी पड़ती है। यह जगह सात पर्वत चोटियों में एक कुंड के पास है। हेमकुंड के पास सप्त ऋषि चोटियां हैं, जिन पर खालसा पंथ का प्रतीक निशान साहिब ध्वज लहराते हैं। हेमकुंड साहिब के कपाट साल में सिर्फ तीन–चार महीने के लिए ही श्रद्धालुओं के लिए खोले जाते हैं। श्री हेमकुंड साहिब यात्रा पर जाने से पहले रजिस्ट्रेशन करवाना आवश्यक है। हेमकुंड साहिब यात्रा के दौरान रास्ते में पडने वाले इन खूबसूरत स्थानों पर भी आप घूम सकते हैं। वैली ऑफ फ्लावर्स– ऐसा कोई भी यात्री नहीं होगा, जो इस यात्रा के दौरान वैली ऑफ फ्लावर्स का नजारा देखने न जाए। उत्तराखंड राज्य के चमोली में स्थित यह जगह इतनी ज्यादा खूबसूरत है, जिससे आप अपनी नजरें हटा नहीं पाएंगे। यहां आप जितनी दूर नजर घुमाएंगे, उतनी दूरी तक आपको फूल ही नजर आएंगे। समुद्र तल से 3352 से 3658 मीटर ऊपर, फूलों की इस घाटी का नजारा देखने के बाद आपको एहसास होगा कि प्रकृति कितनी खूबसूरत है। गोबिंद धाम– गोबिंद धाम और हेमकुंड साहिब के बीच की दूरी करीब 6–7 किमी. है। हालांकि, लोग यहां बहुत कम जाते हैं, क्योंकि इतनी चढ़ाई करना और भी मुश्किल हो जाता है। लेकिन फिर भी जो लोग श्रद्धा रखते हैं, वह इस चढ़ाई को भी पूरा कर जाते हैं। हेमकुंड साहिब जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए यह अंतिम पड़ाव है।

# कब तक कुर्बान होंगी नववधुएं

**ग्रेटर नोएडा की दीपिका नागर भी इसी तरह मौत का शिकार हुई हैं। ससुराल वालों के मुताबिक दीपिका ने छत से कूद कर आत्महत्या कर ली, लेकिन उनके परिजनों का कहना है कि दीपिका को दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाता था। महज 14 महीने पहले काफी धूमधाम से दीपिका की शादी की गई, और उन्हें भारी भरकम दहेज के अलावा स्कार्पियो वाहन दिया गया, लेकिन ससुराल वाले फॉर्च्यूनर गाड़ी की मांग कर ...**

दीपिका नागर और ट्विशा शर्मा की कथित हत्या या आत्महत्या, दहेज के लिए उत्पीड़न और ससुराल पक्ष के अत्याचार की दो खबरें इस समय काफी सुर्खियों में हैं। यह हमारे देश और समाज की कड़वी सच्चाई है कि महिला सशक्तीकरण के लिए बने सारे नियम–कानून महिला उत्पीड़न के बढ़ते आंकड़ों के सामने प्रभावहीन नजर आते हैं। दहेज की कुप्रथा को रोकने के लिए 1 जुलाई 1961 से ही दहेज निषेध अधिनियम, 1961 लागू है। जिसके तहत दहेज लेना और देना दंडनीय अपराध है। दहेज प्रथा को बढ़ावा देना भी गैरकानूनी है और मौखिक या लिखित किसी भी तरह से दहेज के लेन–देन से संबंधित कोई भी समझौता करना भी कानूनन अमान्य है। इस कानून के उल्लंघन पर बाकायदा जुर्माना और जेल दोनों का प्रावधान है। सभ्य समाज चाहे तो इस कानून का पालन कर लड़कियों के लिए एक सुरक्षित माहौल और भविष्य बना ले। लेकिन जिस समाज में लड़की होना ही अघोषित तौर पर अपराध बना हुआ है, वहां ऐसी कोई भी उम्मीद बेकार ही है। 2026 में आकर भी हमें संदिग्ध हालात में ससुराल में नवविवाहिताओं की मौत पर चर्चा करनी पड़ रही है। यही हाल पिछली सदी का भी था, तब एक गंभीर बात मजाक की तरह कही जाने लगी थी कि सारे स्टोव दुल्हनों के सामने ही क्यों फटते हैं। क्योंकि उस समय कई बहुएं स्टोव फटने के कारण जलकर मर जाती थीं। उनके ससुराल वाले मायके में खबर करते थे कि आपकी बेटी जल गई। अब स्टोव नहीं है, तो मानसिक तौर पर बीमार होने के कारण सामने आने लगे हैं।



भोपाल में ट्विशा शर्मा की कथित आत्महत्या के पीछे भी उनकी सास रिटायर्ड जज गिरिबाला सिंह ने यही बताया है कि ट्विशा मानसिक रोगी थी। गौरतलब है कि नोएडा की रहने वाली ट्विशा की शादी भोपाल में समर्थ सिंह से हुई थी। बीती 12 मई को रात को अचानक ट्विशा की मौत की खबर उनके परिजनों को दी गई। ससुराल पक्ष ने कहा है कि ट्विशा ने फांसी लगा ली, वहीं पुलिस ने भी शुरुआती जांच में इसे आत्महत्या माना है, लेकिन मृतका के परिवार ने इसे सोची–समझी साजिश करार दिया है। परिवार का आरोप है कि शादी के बाद से ही ट्विशा पर नौकरी छोड़ने और गर्भवती होने को लेकर लगातार मानसिक और शारीरिक दबाव बनाया जा रहा था। बताया जा रहा है कि मौत से ठीक पहले ट्विशा ने अपनी एक सहेली को फोन पर कई संदेश भेजे थे, जिसमें अपने उत्पीड़न की बात उन्होंने कही थी। एम्स भोपाल में मौत के बाद ट्विशा का पोस्टमार्टम हुआ, जिसकी रिपोर्ट में पुष्टि हुई है कि ट्विशा की मौत फांसी लगाने से हुई थी। उनके शरीर पर कोई बड़ी चोट के निशान तो नहीं हैं, लेकिन उनके हाथ समेत शरीर के कुछ हिस्सों पर चोट के निशान भी पाए गए हैं। रिपोर्ट में यह भी सामने आया है कि मौत से करीब एक हफ्ते पहले ट्विशा का गर्भपात हुआ था। पुलिस अब यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि ये चोटें कैसे आईं। 12 मई को जब ट्विशा शर्मा कथित तौर पर घर की छत पर जिमनास्टिक रिंग की रस्सी के सहारे लटकी हुई मिली तो ससुराल वाले उन्हें तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद ट्विशा के मायके वालों की शिकायत पर पुलिस ने ट्विशा के पति समर्थ सिंह और सास गिरिबाला सिंह के खिलाफ दहेज हत्या और प्रताड़ना का मामला दर्ज किया था। जिसमें गिरिबाला सिंह को अग्रिम जमानत मिल चुकी है, लेकिन समर्थ सिंह इन पंक्तियों के लिखे जाने तक फरार ही है। गिरिबाला सिंह ने इस बीच मीडिया में कुछ इंटरव्यू भी दिए हैं, जिसमें उन्होंने ट्विशा की मानसिक स्थिति ठीक न होने की बात कही। गिरिबाला सिंह के मुताबिक ट्विशा ने कहा कि उसे पौध े पसंद हैं, लेकिन वह उनमें पानी नहीं देती थी, बच्चे पसंद होने की बात कही, लेकिन पालना नहीं चाहती थी। खाना बनाना पसंद होने की बात कही, लेकिन अपनी देखरेख में न खाना बनवाना चाहती थी, न सब के साथ बैठकर खाना खाती थी। यह बात समझ से परे है कि जो व्यक्ति अपना पक्ष रखने के लिए इस दुनिया में नहीं है, उसकी मौत के चंद दिन बाद ही इस तरह शिकायती लहजे में बातें करना किस लिहाज से सही है। यह मामला फिलहाल कानूनी दायरे में है, तो ऐसे में गिरिबाला सिंह का सार्वजनिक बयानबाजी करना भी क्या सही है। बता दें कि ट्विशा के पिता नवनिधि शर्मा ने गिरीबाला सिंह पर गंभीर आरोप लगाएं हैं कि वे मीडिया के सामने उनकी मृत बेटी के चरित्र पर लांछन लगा रहीं हैं। उन्होंने यह भी कहा कि शादी के बाद से ट्विशा को प्रताड़ित किया जाता था, लेकिन ट्विशा की खुशी की खातिर हम समर्थ सिंह की तमाम हरकतों को नजर अंदाज करते रहे, उसके जुल्म सहते रहे। सवाल यही है कि ट्विशा पर कथित उत्पीड़न की बात जब पहले से उनके परिजनों को पता थी, तो वे किस बात का इंतजार कर रहे थे, क्यों उन्होंने अपनी बेटी को पहले ही अपने पास नहीं बुला लिया।

# सवालों से बचते प्रधानमंत्री

**वैसे नश्वर्वे से पहले नीदरलैंड्स में भी भारत के हालात पर टिप्पणी हुई, तब भी विदेश मंत्रालय ने ऐसा ही जवाब दिया था। पांच देशों की यात्रा पर निकले प्रध ानमंत्री संयुक्त अरब अमीरात, नीदरलैंड और स्वीडन के बाद नश्वर्वे पहुंचे और दौरे का आखिरी पड़ाव इटली होगा। नीदरलैंड्स में जब मोदी पहुंचने वाले थे, उससे पहले वहां के प्रधानमंत्री रश्वब जेटेन ने कहा कि डच सरकार भारत में हो रहे घटनाक्रमों ...**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपनी छवि चमकाने के लिए चाहे कई करोड़ रूपए खर्च कर दें या प्रचार के नए तरीकों का सहारा लें, दुनिया उन्हें अब एक ऐसे कमजोर नेता के तौर पर देख रही है, जिसे सवालों से डर लगता है, जो सवाल सुनते ही मंच से चला जाता है। नॉर्वे में प्रधानमंत्री मोदी और नार्वेजियन प्रधानमंत्री के साथ संयुक्त प्रेस बयान जारी किया, जिसके बाद वहां मौजूद पत्रकार हेले लिंग ने कहा कि श्प्रधानमंत्री मोदी, आप दुनिया के सबसे आजाद प्रेस से कु छ सवाल क्यों नहीं ले रहे हैं?श लेकिन मोदी ने इसका कोई जवाब नहीं दिया और मंच से चले गए। पत्रकार लिंग ने इस वीडियो को सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए लिखा कि उन्हें इसकी उम्मीद थी। उन्होंने नॉर्वे को विश्व प्रेस स्वतंत्रता इंडेक्स में नंबर 1 और भारत के 157वें स्थान पर होने का जिक्र भी किया। लिंग के इस पोस्ट पर ढेर सारी टिप्पणियां आईं। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भी अपनी राय व्यक्त की थी कि जब कुछ छिपाने को नहीं है, तो डर कैसा। उन्होंने कहा कि इससे भारत की छवि पर असर पड़ता है। राहुल गांध ी ने कुछ गलत नहीं कहा, क्योंकि मोदी मंच से उतरने की जगह रुकते और कहते कि पूछिए क्या सवाल हैं आपके, तो शायद उनकी मजबूत छवि नजर आती। लेकिन मंच से सिर झुका कर उतरते प्रध ानमंत्री लाचार दिखे। ऐसे ही अमेरिका में पिछले साल राष्ट्रपति ट्रंप के साथ



संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस में नरेन्द्र मोदी से अडानी मसले पर सवाल पूछा गया था तो उन्होंने हाथ हिला–हिला कर भारत की वसुधैव कुटुंबकम परंपरा, लोकतंत्र आदि की बातें कर अपनी असहजता को ढंकने की असफल कोशिश की थी। अब लगातार दूसरे साल वैश्विक स्तर पर मोदी सवाल से बचते नजर आए। लेकिन यह मामला यहीं नहीं थमा। मोदी की छवि बचाने के फेर में विदेश मंत्रालय ने भी वही तरीका अपनाया जो मोदी ने अमेरिका में अपनाया था। दरअसल दोनों प्रधानमंत्रियों के संयुक्त प्रेस बयान के बाद विदेश मंत्रालय की प्रेस वार्ता हुई, जिसमें हेले लिंग ने विदेश मंत्रालय के सचिन सिबी जॉर्ज से पूछा कि दुनिया भारत पर भरोसा क्यों करे और क्या भारत में मानवाधिकार उल्लंघन बंद होंगे। उन्होंने यह भी पूछा कि क्या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारतीय मीडिया के कठिन सवालों का जवाब देना शुरू करेंगे। जिसके जवाब में सिबी जॉर्ज ने कहा कि भारत केवल एक देश नहीं, बल्कि पांच हजार साल पुरानी निरंतर सभ्यता है। भारत ने दुनिया को बहुत कुछ दिया है और कोरोना महामारी के समय भारत ने खुद को दुनिया से अलग नहीं किया, बल्कि जरूरतमंद देशों की मदद के लिए आगे आया। यही भरोसा दुनिया को भारत पर विश्वास दिलाता है। लेकिन जॉर्ज के जवाब देने के बीच में पत्रकार ने प्रतिप्रश्न करना चाहा तो सिबी जॉर्ज नाराज हो गए और कहा, कृपया मुझे बीच में मत टोकिए। सवाल पूछने वाला यह तय नहीं कर सकता कि जवाब किस तरीके से दिया जाए। इसके बाद सिबी जॉर्ज ने कहा कि भारत दुनिया की कुल आबादी का लगभग छठा हिस्सा है, लेकिन दुनिया की समस्याओं का छठा हिस्सा नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत का संविधान लोगों को मौलिक अध िकार देता है और देश में महिलाओं को बराबरी का अधिकार आजादी के वक्त से मिला हुआ है। जबकि कई देशों में महिलाओं को यह अधिकार दशकों बाद मिला। सिबी जॉर्ज ने कहा, श्हम समानता में विश्वास करते हैं, हम मानवाधिकारों में विश्वास करते हैं। अगर किसी के अधिकारों का उल्लंघन होता है तो उसे अदालत जाने का अधिकार है। हमें अपने लोकतंत्र पर गर्व है।श सिबी जॉर्ज ने यह भी कहा कि कई लोग भारत की मीडिया का दायरा समझे बिना टिप्पणी कर देते हैं। दिल्ली में ही सैकड़ों समाचार चौनल हैं, जो अलग–अलग भाषाओं में लगातार खबरें दिखाते हैं। कुछ गैर–सरकारी संगठनों की रिपोर्ट पढ़कर लोग भारत पर सवाल उठाने लगते हैं, जबकि उन्हें भारत की वास्तविकता और उसके पैमाने की समझ नहीं है। प्रधानमंत्री का सवालों से बचना, मानवाधिकार उल्लंघन और भारत की साख पर किए गए सवालों के सीधे जवाब देने की जगह पांच हजार साल पुरानी सभ्यता, लोकतंत्र की प्राचीन जड़ें, महिलाओं के अध िकार, अदालत जाने का हक और मीडिया का दायरा जैसी अनावश्यक लफ्फाजी के बावजूद विदेश मंत्रालय मोदी की साख बचाने के उद्देश्य में नाकामयाब रहा और क्योंकि इस प्रकरण पर अब वैश्विक स्तर पर चर्चा हो रही है। मोदी समर्थक भले ही हेले लिंग को सोशल मीडिया पर ट्रोल कर रहे हैं, लेकिन उन्होंने साफ कर दिया कि वे केवल सवाल पूछने के पत्रकारिता के अधिकार और धर्म को ही निभा रही थीं, इसके अलावा उनका कोई और एजेंडा नहीं है। मोदी सवालों से बचे तो लोग अब इंदिरा गांधी और पं.नेहरू के पुराने साक्षात्कार निकाल कर सोशल मीडिया पर डाल रहे हैं, जिसमें वे विदेशी पत्रकारों के खुले सवालों का सामना शांति और गरिमा से कर रहे हैं। यह बात भी मोदी के खिलाफ ही जाएगी, क्योंकि फिर तुलना की जाएगी कि असली हिम्मतवाला नेतृत्व कौन सा है और दिखावे वाला कौन सा है। वैसे नॉर्वे से पहले नीदरलैंड्स में भी भारत के हालात पर टिप्पणी हुई, तब भी विदेश मंत्रालय ने ऐसा ही जवाब दिया था। पांच देशों की यात्रा पर निकले प्रधानमंत्री संयुक्त अरब अमीरात, नीदरलैंड और स्वीडन के बाद नॉर्वे पहुंचे और दौरे का आखिरी पड़ाव इटली होगा। नीदरलैंड्स में जब मोदी पहुंचने वाले थे, उससे पहले वहां के प्रध ानमंत्री रॉब जेटेन ने कहा कि श्डच सरकार भारत में हो रहे घटनाक्रमों को लेकर चिंतित है और यह चिंता पूरे यूरोप में है।




इस पर रविवार को भारत के विदेश

# गुरिंदरवीर सिंह ने 100 मीटर दौड़ में बनाया नया नेशनल रिकॉर्ड, फेडरेशन कप में जीता गोल्ड मेडल

झारखंड की राजधानी रांची में आयोजित 2026 एथलेटिक्स फेडरेशन कप में धावक गुरिंदरवीर सिंह ने कमाल कर दिया। उन्होंने पुरुषों की 100 मीटर दौड़ को महज 10.09 सेकंड में पूरा करके एक नया नेशनल रिकॉर्ड बनाया और स्वर्ण पदक अपने नाम किया।




अपनी इस ऐतिहासिक जीत पर गुरिंदरवीर ने कहा, ष्यह बहुत अच्छा एहसास है। उम्मीद है कि मैं आगे भी अच्छी ट्रेनिंग करूंगा और भविष्य में और बेहतर नतीजे लाऊंगा।ष उन्होंने मानसिक मजबूती को जीत की वजह बताते हुए कहा कि आखिरी पलों में खेल शारीरिक ताकत से ज्यादा मानसिक मजबूती का होता है और कल वह खुद को मानसिक रूप से मजबूत रख पाए, जिससे यह जीत मिली।

लोग कहते थे भारतीयों के बस की बात नहीं

अपनी पुरानी चुनौतियों को याद करते हुए गुरिंदरवीर ने बताया, ष्जब आप कुछ नया करने की कोशिश करते हैं, तो लोग कहते हैं कि यह नहीं हो सकता। ऐसा हर उस इंसान के साथ होता है जो कुछ बदलना चाहता है। जब मैं छोटा था, तो लोग मुझसे कहते थे कि भारतीयों में स्प्रिंटिंग और 100 मीटर रेस के लिए जरूरी जीन्स नहीं होते। लोग मुझे 400 मीटर दौड़ने की सलाह देते थे, क्योंकि मिल्खा सिंह उसके चौंपियन थे। लेकिन मेरे मन में हमेशा यह बात थी कि मुझे एक नया रास्ता बनाना है, ताकि भविष्य में लोग सोचें कि हम भी 100 मीटर में कमाल कर सकते हैं।ष

मां रूपिंदर कौर ने जताई खुशी

गुरिंदरवीर की इस ऐतिहासिक सफलता पर उनकी मां रूपिंदर कौर ने बेहद खुशी और गर्व जताया। उन्होंने कहा, ष्हमें बहुत गर्व महसूस हो रहा है कि हमारे बच्चे ने इतिहास रच दिया है। सभी रिश्तेदार फोन करके बधाई दे रहे हैं। वह बचपन से ही बहुत खुशमिजाज था और उसके कोच भी बहुत अच्छे रहे। उसके पिता का सपना था कि वह एक एथलीट बने।ष इसके साथ ही उन्होंने युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि वे अपने माता–पिता की बात सुनें, पढ़ाई के साथ–साथ खेलों पर ध्यान दें और नशे से पूरी तरह दूर रहें।

पिता ने बताया 12 साल की मेहनत का सफर

गुरिंदरवीर के पिता कमलजीत सिंह ने बताया कि उनका बेटा 12 साल की उम्र से ही इसके लिए कड़ी मेहनत कर रहा है। उन्होंने कहा, ष्मैं खुद वॉलीबॉल खेलता था और चाहता था कि मेरा बेटा भी एक खिलाड़ी बने। उसका पूरा सफर बहुत शानदार रहा है।ष उन्होंने युवाओं से कहा कि खेल सेहत के साथ–साथ पंजाब और पूरे भारत के लिए बहुत जरूरी हैं। खेल के मैदान पर ही आप असल में आगे बढ़ते हैं और अपने माता–पिता व गुरुओं का नाम रोशन करते हैं।

कोचों के योगदान को किया याद

कमलजीत सिंह ने गुरिंदरवीर के कोचों के योगदान की भी सराहना की। उन्होंने बताया कि गुरिंदरवीर के पहले कोच ने उससे बहुत ज्यादा मेहनत करवाई और दसवीं क्लास पूरी होने तक उसे अच्छे से ट्रेन किया। इसके बाद उसने जालंधर में कोच हैप्पी के साथ अपनी ट्रेनिंग शुरू की। कोच हैप्पी ने उसे बिल्कुल अपने बेटे की तरह अपनाया और उसे अपने परिवार के सदस्य जैसा प्यार और सहयोग दिया, जिससे वह आज इस मुकाम पर पहुंच पाया है।

# हीरो मोटोकॉर्प का बड़ा प्लान, सीईओ बोले– इस साल भी दोहरे अंक की वृद्धि की उम्मीद

देश की सबसे बड़ी दोपहिया वाहन विनिर्माता कंपनी हीरो मोटोकॉर्प ने वित्त वर्ष 2026–27 में दोहरे अंक की वृद्धि दर्ज करने का भरोसा जताया है। कंपनी का कहना है कि वह इस दौरान 12 से अधिक नए उत्पाद बाजार में उतारेगी और इलेक्ट्रिक स्कूटर कारोबार को तेजी से बढ़ाएगी। कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) हर्षवर्धन चितले ने पीटीआई–के साथ साक्षात्कार में कहा कि स्कूटर कारोबार कंपनी के लिए प्रमुख वृद्धि के केंद्र के रूप में उभर रहा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि वर्ष 2030 तक कंपनी की कुल स्कूटर बिक्री में इलेक्ट्रिक स्कूटर की हिस्सेदारी 50 प्रतिशत से अधिक हो जाएगी। उन्होंने कहा कि कम प्रदूषण वाले पावरट्रेन की मांग उद्योग में तेजी से बढ़ रही है और बाजार में अपनी अग्रणी



स्थिति बनाए रखने के लिए कंपनी विभिन्न विकल्पों पर काम कर रही है। चितले ने कहा, "अभी तक हम सबसे आगे हैं और आगे भी अग्रणी बने रहने की उम्मीद करते हैं। हमारा पूरा ध्यान ग्राहकों के लिए सुरक्षित और अधिक दक्ष उत्पाद उपलब्ध कराने पर है। हमारे उत्पादों और डीलर नेटवर्क को लेकर हमें पूरा भरोसा है।" उन्होंने माना कि भारतीय दोपहिया बाजार में प्रतिस्पर्धा काफी तेज हो चुकी है, लेकिन वाहन विनिर्माताओं के संगठन सियाम के आंकड़ों को देखें तो कंपनी की अग्रणी स्थिति और बेहतर हुई है। उनके अनुसार, पिछले छह–सात वर्षों में प्रतिस्पर्धियों के साथ अंतर घट रहा था, लेकिन बीते वित्त वर्ष में कंपनी ने दोबारा बढ़त मजबूत की है। कंपनी का कहना है कि स्कूटर, इलेक्ट्रिक वाहन, 125 सीसी से ऊपर की मोटरसाइकिल और प्रवेश स्तर की बाइक में मजबूत प्रदर्शन के कारण उसकी बाजार स्थिति और मजबूत हुई है। सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के आंकड़ों के अनुसार, हीरो मोटोकॉर्प ने 2025–26 में 54.93 लाख मोटरसाइकिल और 5.72 लाख स्कूटर बेचे। वहीं प्रतिद्वंद्वी होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने इसी अवधि में 25.89 लाख मोटरसाइकिल और 31.62 लाख स्कूटर की बिक्री की। चालू वित्त वर्ष के अनुमान के बारे में चितले ने कहा कि बीते वित्त वर्ष की दोहरे अंक की वृद्धि इस साल भी जारी रहने की उम्मीद है। इसके पीछे निर्यात, इलेक्ट्रिक वाहन और स्कूटर कारोबार में मजबूत मांग प्रमुख कारण होंगे। नए उत्पादों के बारे में उन्होंने कहा कि कंपनी आमतौर पर हर साल 10 से 12 बड़े मॉडल पेश करती है और इस बार संख्या इससे भी अधिक हो सकती है। इसके अलावा मौजूदा मॉडल के उन्नत संस्करण के साथ यह संख्या 40–50 तक पहुंच सकती है।

# नॉर्वे शतरंज में डी गुकेश और कार्लसन की जंग, क्या किंग को मात देंगे विश्व चैंपियन ?

ओस्लो। विश्व चौंपियन डी गुकेश सोमवार से यहां शुरू हो रहे प्रतिष्ठित नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के जरिए विश्व चौंपियनशिप में खिताब की रक्षा के अपने अभियान से पहले लय हासिल करने के इरादे से उतरेंगे जबकि एलीट खिलाड़ियों की मौजूदगी में उनके धैर्य और कौशल की परीक्षा होगी। टूर्नामेंट में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन भी हिस्सा ले रहे हैं। गुकेश और आर प्रज्ञानानंदा की मौजूदगी में भारतीय दल टूर्नामेंट में खिताब के अपने सूखे को खत्म करने की कोशिश करेगा।

प्रतियोगिता के ओपन और महिला वर्ग में दुनिया के छह सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी खिताब के लिए चुनौती पेश करेंगे। प्रतियोगिता में चार खिलाड़ी भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। गुकेश और प्रज्ञानानंदा ओपन वर्ग में शिरकत करेंगे तो वहीं महिला वर्ग में कोनेरू हंपी और विश्व कप विजेता दिव्या देशमुख हिस्सा लेंगी। भारतीय खिलाड़ियों के लिए हालांकि चुनौती आसान नहीं होगी।




ओपन वर्ग में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी कार्लसन के अलावा फ्रांस के स्टार अलीरेज फिरोजा, जर्मनी के विन्सेंट कीमर और अमेरिका के अनुभवी वेस्ली सो जैसे दिग्गज भी हिस्सा ले रहे हैं। महिलाओं के वर्ग में पांच बार की विश्व चौंपियन जू वेनजुन, गत चौंपियन अन्ना मुजिचुक, गत विश्व ब्लिट्ज चौंपियन बिबिसारा असाउबायेवा और चीन की उभरती हुई स्टार झू जिनर से हंपी और दिव्या को कड़ी चुनौती मिलेगी। गुकेश इस टूर्नामेंट में उम्मीदों के भारी बोझ के साथ उतरे हैं।

उन्हें उस खिलाड़ी के तौर पर देखा जा रहा है जो नार्वे शतरंज पर कार्लसन की मजबूत पकड़ को चुनौती दे सकता है। स्थानीय खिालड़ी कार्लसन यहां सात बार के चौंपियन हैं। गुकेश के लिए मौजूदा सत्र औसत प्रदर्शन वाला रहा है। यह भारतीय इस प्रतियोगिता को इस साल के आखिर में चौलेंजर जावोखिर सिंदारोव के खिलाफ अपने विश्व चौंपियनशिप खिताब के बचाव की तैयारी के तौर पर देखेगा।

अभी विश्व रैंकिंग में 19वें स्थान पर काबिज गुकेश पोलैंड में हुए ग्रैंड चेस टूर के सुपर रेपिड और ब्लिट्ज टूर्नामेंट में निराशाजनक छठे स्थान पर रहने के बाद ओस्लो पहुंचे हैं। दूसरी तरफ प्रज्ञानानंदा बुखारेस्ट में हाल ही में खत्म हुए सुपरबेट चेस क्लासिक में कीमर, सो और फिरोजा जैसे खिलाड़ियों के खिलाफ शानदार मुकाबलों की एक श्रृंखला के बाद इस चुनौती के लिए बेहतर तैयार नजर आ रहे हैं।

# भारत–अमेरिका दोनों देशों में मौजूद हैं बेवकूफ लोगः मार्को रूबिया

दिल्ली में, अमेरिका के भीतर भारतीय–अमेरिकियों के प्रति की गई नस्लवादी टिप्पणियों से जुड़े एक सवाल के जवाब में, अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने कड़ा जवाब दिया। उन्होंने कहा, ष्मैं इस तरह की टिप्पणियों को



बहुत गंभीरता से लूंगा। मुझे पूरा यकीन है कि कुछ लोग ऐसे हैं जिन्होंने ऑनलाइन और दूसरी जगहों पर ऐसी गलत टिप्पणियां की हैं, क्योंकि दुनिया के हर देश में बेवकूफ लोग होते हैं। अमेरिका में भी हैं बेवकूफी करने वाले लोगः मार्को रूबियो ने साफ शब्दों में कहा, ष्मुझे पूरा विश्वास है कि यहां (भारत में) भी कुछ बेवकूफ लोग हैं और अमेरिका में भी ऐसे बेवकूफ लोग हैं जो हर समय इस तरह की बेवकूफी भरी टिप्पणियां करते रहते हैं। लेकिन ऐसे कुछ लोगों की वजह से पूरे देश को नहीं आंका जा सकता। प्रवासियों ने अमेरिका को बनाया समृद्धः अमेरिकी विदेश मंत्री ने अमेरिका की तारीफ करते हुए आगे कहा, ष्अमेरिका एक बहुत ही मेहमाननवाज देश है। हमारा देश हमेशा से उन लोगों की वजह से आगे बढ़ा और समृद्ध हुआ है, जो दुनिया भर से हमारे देश में आते हैं और यह आकर अपना योगदान देते हैं।ष

# भारत टारगेट नहीं, यूएस वीजा नियमों में बदलाव के बीच मार्को रूबियो ने की भारतीयो की तारीफ

वीजा नियमों (जे1, एफ1 और एच–1बी वीजा) में हाल ही में हुए बदलावों के सवाल पर अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने दिल्ली में अपनी बात रखी। उन्होंने अमेरिकी अर्थव्यवस्था में भारतीय प्रवासियों के योगदान की खुलकर तारीफ की। रूबियो ने कहा, ष्सबसे पहले, मैं अमेरिकी अर्थव्यवस्था में भारतीयों के योगदान को स्वीकार करता हूं। भारतीय कंपनियों ने अमेरिकी अर्थव्यवस्था में 20 अरब डॉलर से ज्यादा का निवेश किया है और हम चाहते हैं कि यह निवेश लगातार बढ़ता रहे।ष

यह बदलाव सिर्फ भारत के लिए नहीं है

वीजा नियमों में आ रहे बदलावों को समझाते हुए अमेरिकी विदेश मंत्री ने कहा, ष्अमेरिका में हमारी इमिग्रेशन प्रणाली को आधुनिक बनाने के लिए जो बदलाव किए जा रहे हैं, वे सिर्फ भारत के लिए नहीं हैं। यह एक वैश्विक बदलाव है, जिसे पूरी दुनिया पर लागू किया जा रहा है। असल में, हम अपनी पूरी वीजा और इमिग्रेशन व्यवस्था को सुधारने के दौर से गुजर रहे हैं।ष



अमेरिका के सामने है अवैध प्रवासन का बड़ा संकट

मार्को रूबियो ने अमेरिका के मौजूदा हालातों का जिक्र करते हुए कहा, ष्संयुक्त राज्य अमेरिका इस समय प्रवासन के एक बड़े संकट से जूझ रहा है। यह संकट भारत की वजह से नहीं है, बल्कि पिछले कुछ सालों में 2 करोड़ से ज्यादा लोग अवैध रूप से अमेरिका में घुस आए हैं। हमें एक देश के रूप में उस बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा है।ष

राष्ट्रीय हित में नीतियां बनाना जरूरी

उन्होंने कहा कि कोई भी देश जो कुछ भी करता है, वह उसके राष्ट्रीय हित में होना चाहिए और इसमें उसकी इमिग्रेशन पॉलिसी भी शामिल है। रूबियो ने कहा, ष्मेरा मानना है कि अमेरिका प्रवासियों का स्वागत करने के मामले में दुनिया का सबसे अच्छा देश है। हर साल लगभग दस लाख लोग अमेरिका के स्थायी निवासी बनते हैं। मेरे खुद के माता–पिता 1956 में क्यूबा से स्थायी निवासी बनकर अमेरिका आए थे। इस पूरी प्रक्रिया ने हमारे देश को मजबूत और समृद्ध बनाया है।ष

बदलाव के इस दौर में आ सकती हैं कुछ मुश्किलें

उन्होंने आगे कहा कि इस व्यवस्था को आज के आधुनिक समय की सच्चाइयों के हिसाब से ढालना बेहद जरूरी है और इस सुधार की जरूरत बहुत पहले से थी। अमेरिका अभी एक ऐसी प्रणाली बना रहा है जिसके तहत यह तय किया जा सके कि देश में कितने लोग आएंगे, कौन आएगा और कब आएगा। रूबियो ने माना कि जब भी किसी व्यवस्था में कोई सुधार या बदलाव किया जाता है, तो एक शुरुआती दौर ऐसा आता है जिसमें कुछ रुकावटें और मुश्किलें आती हैं।

भविष्य में मिलेगी एक बेहतर और कुशल प्रणाली

अमेरिकी विदेश मंत्री ने साफ किया कि यह नया नियम भारत को ध्यान में रखकर नहीं बनाया गया है, बल्कि इसे पूरी दुनिया में एक समान रूप से लागू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अभी हम बदलाव के एक दौर से गुजर रहे हैंऔर किसी भी बदलाव की तरह इस रास्ते में भी कुछ उतार–चढ़ाव आएंगे। लेकिन हमारा मानना है कि आखिरकार हमारा लक्ष्य एक बेहतर, ज्यादा कुशल और मजबूत वीजा प्रणाली बनाना है, जो पहले की व्यवस्था से कहीं बेहतर तरीके से काम करेगी।

# भाकियू की बैठक में पंचायतों की बनाई रणनीति

फतेहपुर (आरएनएस )। भारतीय किसान यूनियन की मासिक बैठक में पुलिस उत्पीड़न समेत अन्य विकास समस्याओं को लेकर पंचायतें आयोजित करने की जहां रणनीति बनाई गई वहीं किसानों की समस्याओं पर चर्चा करते हुए निस्तारण की मांग की गई। नहर कालोनी प्रांगण में जिलाध्यक्ष नवल सिंह पटेल की अध्यक्षता में मासिक बैठक हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय संगठन मंत्री राजेन्द्र सिंह ने शिरकत की। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि तीन जून को बहुआ ब्लाक परिसर में पुलिस उत्पीड़न व ब्लाक की विकास समस्याओं को लेकर महापंचायत होगी। इसी तरह आठ जून को असोथर ब्लाक परिसर में पंचायत का आयोजन किया जाएगा। किसानों ने बिजली की अघोषित विद्युत कटौती पर भारी रोष है। धान की बेढ़ बोने हेतु किसानों को अविलंब खाद उपलब्ध कराने की मांग की गई। नहरों में पानी पूरी क्षमता से चलाया जाए। सौ कुन्तल गेहूं बेंचने वाले किसानों का सत्यापन समय से कराया जाए। जनपद में ओवर लोड वाहनों पर रोक लगाई जाए। अवैध बालू खनन व मौरंग खनन पर रोक लगाई जाए। वन विभाग द्वारा फर्जी पौधरोपण पर रोक लगाई जाए। अंधूरी पड़ी पानी की टंकी को पूर्ण कराते हुए पानी की आपूर्ति कराई जाए। थरियांव पावर हाउस की 33 हजार लाइन मलवां से जोड़ी जाए। एक जून को गांधी चौराहा बिन्दकी में अवैध वाहनों के संचालन के विरोध में पंचायत होगी। अल्लीपुर आदमपुर मार्ग का निर्माण पूर्ण कराया जाए। पांच जून को अल्लीपुर में पंचायत होगी। इस मौके पर मुन्ना शेख, देवनरायन पटेल, नागेन्द्र यादव, एखलाक अहमद, जितेन्द्र पटेल, बच्चीलाल फौजी, दिनेश शुक्ला, विवेक यादव, भानु पटेल, चन्द्रपाल लोधी, छोटेलाल सोनकर, कप्तान सिंह यादव, गंगा प्रसाद, सुनील पासवान, राजा यादव, अनूप सैनी, श्याम किशोर भी मौजूद रहे।

## रेल अधिकारियों के रहमोकरम पर संचालित हो रही गुटखा,चाय–नाश्ते की अवैध दुकान

गोण्डा। पूर्वोत्तर रेलवे जंक्शन गोण्डा पर अवैध वेंडरों की भरमार तो सुर्खियों में रहा है और अब रेलवे के जिम्मेदार अधिकारियों के रहमोकरम पर मुख्य द्वार नम्बर–1 के बगल खान–पान,नाश्ते व गुटखा मसाले की दुकाम संचालित हो रही है। बताया जा रहा है कि उक्त दुकान पर गुटखा, सिगरेट,तम्बाकू आदि को बाजार भाव से दोगुने मूल्य पर विक्री किया जा रहा है। उक्त दुकान पर चोर उचक्के सहित नशेड़ियों का जमावड़ा लगा रहता है। कईयों बार,मण्डल रेल प्रबंधक,रेलवे कमांडेंट आदि के पास यात्रियों द्वारा ट्वीट कर शिकायत किए जाने के बावजूद भी रेलवे पुलिस द्वारा मात्र चालान करके कार्यवाही से इतिश्री कर लिया गया।

## मतगणना में लगे शिक्षकों की सुविधाओं का ध्यान दे प्रशासनः अभिषेक

बाराबंकी। भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण का शुभारंभ 22 मई से हो चुका है, जो 20 जून तक संचालित रहेगा। इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में बड़ी संख्या में शिक्षक एवं शिक्षिकाएं पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे हैं। वर्तमान समय में प्रदेश में भीषण गर्मी एवं लू की स्थिति बनी हुई है। मौसम विभाग द्वारा लगातार हाई अलर्ट जारी किया जा रहा है। ऐसे में जनगणना कार्य में लगे शिक्षकों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की पूर्ण संभावना है। विशेष रूप से महिला शिक्षिकाओं की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों को प्रशासन द्वारा अत्यंत गंभीरता से लिया जाना आवश्यक है।

# ईद की खुशियां मातम में बदलीं, **Suicide Bomber** ने ट्रेन के उड़ाए परखच्चे, 24 जवानों की मौत

पाकिस्तान का बलूचिस्तान प्रांत रविवार सुबह एक भयानक बम धमाके से हिल गया। प्रांतीय राजधानी क्वेटा में श्क्वेटा–चमन फाटकश के पास यह आत्मघाती हमला हुआ। आतंकियों ने ईद की छुट्टियों के लिए अपने घर जा रहे सुरक्षाकर्मियों से भरी एक शटल ट्रेन को निशाना बनाया। इस दर्दनाक आतंकी हमले में कम से कम 24 लोगों की जान चली गई है, जबकि 50 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हैं। धमाका इतना जोरदार था कि इसकी आवाज दूर–दूर तक सुनाई दी और स्पेशल ट्रेन की तीनों बोगियां पूरी तरह से बर्बाद हो गईं।

ईद पर घर लौट रहे थे जवानः मिली जानकारी के मुताबिक, जिस ट्रेन पर हमला हुआ वह क्वेटा कैंटोनमेंट के अंदर बने रेलवे स्टेशन से यात्रियों को लेकर शहर की तरफ आ रही थी। यह स्टेशन एफसी हॉस्पिटल और सीएमए क्वेटा के बीच में है। नवंबर 2024 में क्वेटा के मुख्य रेलवे स्टेशन पर हुए बड़े हमले के बाद, सुरक्षा को देखते हुए पाकिस्तानी सेना और अर्धसैनिक बलों के जवानों को मुख्य स्टेशन के बजाय सीधे सैन्य छावनी के अंदर से ही ट्रेनों में बैठाया जा रहा था।




यह ट्रेन आने वाली बकरीद की छुट्टियों पर अपने घर लौट रहे पाकिस्तानी सैनिकों और उनके परिवारों को ले जा रही थी। शुरुआती जांच से पता चला है कि ट्रेन को एक पैरामिलिट्री कैंप के पास नई बोगियां जोड़ने के लिए रोका गया था, तभी रविवार सुबह करीब 8रू00 बजे चमन फाटक के पास यह आत्मघाती धमाका हो गया।

**BLA** के मजीद ब्रिगेड ने ली जिम्मेदारीः इस बड़े हमले के तुरंत बाद बलूचिस्तान के प्रतिबंधित और कुख्यात अलगाववादी संगठन बलूच लिबरेशन आर्मी ने इसकी जिम्मेदारी ले ली है। बीएलए के प्रवक्ता जीयांद बलूच ने मीडिया के लिए जारी एक बयान में कहा, ष्आज सुबह, बलूच लिबरेशन आर्मी की फिदायीन शाखा श्मजीद ब्रिगेडश ने क्वेटा कैंट से सेना के जवानों को ले जा रही एक ट्रेन को एक सोचे–समझे फिदायीन हमले में निशाना बनाया है। बीएलए इस ऑपरेशन की पूरी जिम्मेदारी लेता है।ष

मौत का आंकड़ा बढ़ने की आशंका

धमाके के बाद घटना वाली जगह पर भारी अफरा–तफरी मच गई। खबर मिलते ही पाकिस्तानी सुरक्षा बल और एम्बुलेंस की टीमें मौके पर पहुंचीं। शवों और गंभीर रूप से घायल लोगों को तुरंत क्वेटा के सिविल अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल प्रशासन ने इमरजेंसी लागू कर दी है और सभी डॉक्टरों को ड्यूटी पर तैनात रहने के निर्देश दिए हैं। डॉक्टरों के मुताबिक, घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए मरने वालों की संख्या अभी और बढ़ सकती है।

# एरियर घोटाले के बाद अब पदोन्नति का खेल ? कनोडिया इंटर कॉलेज से फर्जीवाड़े की फाइल पहुची डीआईओएस दफ्तर

## एरियर घोटाले के आरोपी नियम विरुद्ध विनियमितीकरण व चयन वेतनमान का लाभ लेने के बाद शिक्षक की अब प्रमोशन पर नजर, विभागीय मिली भगत का आरोप

कुशीनगर,। जनपद के कप्तान गंज कस्बा स्थित श्री गंगा बक्श कनोडिया इंटर कॉलेज एक बार फिर विवादों के भंवर में है। सबब यह है कि यह विद्यालय अब पढ़ाई से ज्यादा फर्जीवाड़े, नियमों की धज्जियां उड़ाने और विभागीय सांठगांठ की वजह से चर्चा में है। बिना कार्य किए लाखों रुपये एरियर लेने, विनियमितकरण से पहले चयन वेतनमान का लाभ उठाकर सरकारी खजाना लूटने और बर्खास्तगी के बाद भी नौकरी करने जैसे गंभीर आरोपों से घिरे शिक्षकों का मामला अभी ठंडा भी नहीं हुआ था कि अब एक नया खेल शुरू हो गया है। नियम विरुद्ध पदोन्नति का खेल है।

सूत्रों के मुताबिक विवादों में घिरे सहायक अध्यापक विरेन्द्र पाण्डेय ने अब पदोन्नति पाने के लिए विभागीय गलियारों में फाइलें दौड़ानी शुरू कर दी हैं। हैरत की बात यह है कि सहायक अध्यापक श्याम नरायण पाण्डेय, देवेन्द्र पाण्डेय और विरेन्द्र पाण्डेय के खिलाफ वित्तीय अनियमितता, सेवा नियमों के उल्लंघन और तथ्य छिपाने जैसे आरोप पहले से लगे है। उन्हीं मे से एक सहायक अध्यापक विरेन्द्र पाण्डेय है जिनको नियम विरुद्ध तरीके से पदोन्नति का लाभ पहुंचाने की कोशिशें तेज हो गई हैं। शिक्षा विभाग के सूत्र बताते हैं कि श्याम नारायण पाण्डेय, देवेन्द्र पाण्डेय और विरेन्द्र पाण्डेय पर आरोप है कि उन्होंने करीब दो वर्षों तक बिना कार्य किए फर्जी तरीके से लाखों रुपये एरियर के रूप में प्राप्त किए। इतना ही नहीं, विनियमितकरण से पहले ही चयन वेतनमान का लाभ लेकर सरकारी धन की बंदरबांट की है। विभागीय जानकार बताते हैं कि यदि किसी शिक्षक की सेवा नियमित होने से पहले चयन वेतनमान जारी हुआ है तो यह सीधे वित्तीय अनियमितता और शासनादेशों के उल्लंघन का मामला बनता है। सवाल यह है कि आखिर किन अधिकारियों के संरक्षण में यह सब संभव हुआ?।

बर्खास्तगी के बाद भी नौकरी—— मामले का सबसे चौंकाने वाला पहलू सहायक अध्यापक देवेन्द्र पाण्डेय को लेकर सामने आ रहा है। आरोप है कि बर्खास्तगी के बाद भी तथ्य छिपाकर नौकरी जारी रखी गई। सूत्र बताते है कि भ्रष्टाचार के के खिलाफ कार्य करने वाली दिल्ली की एक संगठन इस मामले मे जनहित याचिका दाखिल करने की योजना बना रही है यदि यह आरोप प्रमाणित हो जात हैं तो यह केवल विभागीय लापरवाही नहीं बल्कि सरकारी अभिलेखों के साथ गंभीर धोखाधड़ी का मामला माना जाएगा।

स्थानीय स्तर पर चर्चा है कि पूरे प्रकरण में कई महत्वपूर्ण तथ्य जानबूझकर दबाए गए ताकि संबंधित लोगों को सेवा में बनाए रखा जा सके।

लोकायुक्त जांच में फंसे डीआईओएस पर फिर उठे सवाल—— पूरा मामला इसलिए भी बेहद संवेदनशील माना जा रहा है क्योंकि जिला विद्यालय निरीक्षक श्रवण कुमार पहले से ही संबंधित शिक्षकों के एरियर भुगतान प्रकरण को लेकर लोकायुक्त जांच की जद में बताए जा रहे हैं।

ऐसे में यदि विवादित सेवा अभिलेख वाले शिक्षक विरेन्द्र पाण्डेय को नियम विरुद्ध पदोन्नति दी जाती है तो यह जिला विद्यालय निरीक्षक के लिए बड़ा प्रशासनिक संकट खड़ा कर सकता है। शिक्षा विभाग में चर्चा है कि पदोन्नति से पहले सेवा अभिलेख, नियुक्ति की वैधता, दंड प्रविष्टि और वित्तीय स्थिति की जांच अनिवार्य होती है। बावजूद इसके सहायक अध्यापक विरेन्द्र पाण्डेय को पदोन्नति का लाभ पहुंचाने की कोशिश हो रही है तो यह केवल नियमों की अनदेखी नहीं बल्कि पूरे सिस्टम पर सवाल खड़े करता है।

फाइल मैनेजमेंट के दम पर चल रहा खेल?——

शिक्षा विभाग के गलियारों में यह चर्चा भी जोरो पर है कि कुछ विवादित शिक्षकों और कार्यालय के लिपिको को वर्षों से विभागीय संरक्षण प्राप्त है। यही वजह है कि गंभीर शिकायतों और जांचों के बावजूद न वसूली हुई, न कार्रवाई और न ही जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की गई।अब सवाल यह है कि आखिर किस ताकत के भरोसे बार–बार नियमों को रौंदने की कोशिश की जा रही है? क्या शिक्षा विभाग में शासना देश सिर्फ दिखावे के लिए रह गए हैं?।

शासन की चुप्पी बनी सबसे बड़ा सवाल——यदि समय रहते शासन और माध्यमिक शिक्षा विभाग ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच नहीं कराई तो यह प्रकरण आने वाले दिनों में बड़े वित्तीय घोटाले का रूप ले सकता है। क्योंकि जिन शिक्षकों की सेवा और वेतन तक विवादों में हो, उन्हें नियम विरुद्ध पदोन्नति देना कहा तक सही होगा?।

# स्वास्थ्य विभाग के संरक्षण में मौत का कारोबार ? ग्लैक्सी से मन्नत और फिर मुन्ना पाली तक तबरेज का खेल

### नाम बदलता रहा तबरेज, मौत बांटते रहे अस्पताल, किसके शह पर चलता रहा खेल ?।

कुशीनगर। ।जिले में स्वास्थ्य विभाग की सुस्ती और कथित संरक्षण के दम पर अवैध अस्पतालों का ऐसा नेटवर्क खड़ा हो चुका है। जहां इलाज कम और जिंदगी से खिलवाड़ ज्यादा हो रहा है। खिरकिया स्थित मुन्ना पाली क्लिनिक का मामला सामने आने के बाद एक बार फिर यह सवाल खड़ा हो गया है कि आखिर बिना मानक, बिना विशेषज्ञ डॉक्टर और बिना वैध अनुमति के अस्पताल आखिर किसके आशीर्वाद से चल रहे हैं?। बेहतर इलाज का सपना दिखाकर लोगों की जान जोखिम में डालने वाले मुन्ना पाली क्लिनिक पर प्रशासन ने तब कार्रवाई की, जब एक प्रसूता जिंदगी और मौत के बीच झूलने लगी। पीड़ित परिवार के हंगामे के बाद तहसीलदार और एमवाईसी मौके पर पहुंचे, जहां एलोपैथिक पद्धति में अवैध रूप से संचालित अस्पताल की कई खामियां उजागर हुईं। जांच के बाद अस्पताल को सील कर दिया गया।लेकिन यह कोई पहला मामला नहीं है। मुन्ना पाली क्लिनिक के संचालक तबरेज आलम पर आरोप है कि वह अवैध अस्पताल संचालन का पुराना खिलाड़ी है। जब किसी अस्पताल में इलाज के नाम पर मौत का मामला सामने आता है तो वह अस्पताल का नाम और ठिकाना बदल देता है, लेकिन कारोबार बंद नहीं होता। ग्लैक्सी, मन्नत और अब मुन्ना पाली क्लिनिक नाम बदलते गए, लेकिन आरोप वही रहे। सूत्रों के मुताबिक इससे पहले तबरेज खिरकिया–बांसी मार्ग पर मुख्य सड़क किनारे बेसमेंट में मन्नत हॉस्पिटल के नाम से अस्पताल चला रहा था। दिसंबर 2024 में सोहरौना गांव निवासी मुन्ना मंसूरी अपनी प्रसव पीड़ा से जूझ रही पत्नी को वहां लेकर पहुंचे थे। आरोप है कि अस्पताल में ऑपरेशन के दौरान चिकित्सकीय लापरवाही हुई और नवजात की मौत हो गई। परिजनों के मुताबिक अस्पताल प्रबंधन ने नवजात की मौत को कुदरत का खेल बताकर मामला शांत कराने की कोशिश की। लेकिन त्रासदी यहीं नहीं रुकी। तीन दिन बाद प्रसूता की हालत बिगड़ने लगी तो अस्पताल संचालकों ने उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जहां महिला ने भी दम तोड़ दिया।

**पूर्वोत्तर रेलवे** — सूचना संख्या 89/2026



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यात्रियों को सुविधा प्रदान करने हेतु **गाड़ी संख्या 55061/55062 नकहा जंगल–डालीगंज–नकहा जंगल** सवारी गाड़ी के संचलन का उद्घाटन गोंडा से **दिनांक 26.05.2026** को **विशेष गाड़ी संख्या 05065** चलाकर किया जाएगा। नियमित संचलन **डालीगंज से दिनांक 26.05.2026** एवं **नकहा जंगल से दिनांक 27.05.2026** को निम्नानुसार किया जाएगा।

**05065 गोंडा-डालीगंज उद्घाटन विशेष**

**उद्घाटन यात्रा की तिथिः**
**गाड़ी सं. 05065 गोंडा से** दिनांक 26.05.2026 को

**प्रयोगात्मक समय व ठहराव**

| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन ↓ |
|---|---|---|
| --- | 12:30 | गोंडा |
| 12:40 | 12:42 | गोंडा कचहरी |
| 12:49 | 12:50 | कठोला हाल्ट |
| 12:56 | 12:58 | मैजापुर |
| 13:04 | 13:05 | कस्तूरी |
| 13:12 | 13:14 | करनैलगंज |
| 13:22 | 13:24 | सरजू |
| 13:34 | 13:36 | जरवल रोड |
| 13:42 | 13:44 | घाघरा घाट |
| 13:51 | 13:53 | चौका घाट |
| 14:01 | 14:03 | बुढ़वल |
| 14:12 | 14:14 | बिन्दौरा |
| 14:20 | 14:21 | रफीनगर |
| 14:27 | 14:29 | जहांगीराबाद |
| 14:40 | 14:42 | बाराबंकी |
| 14:49 | 14:51 | सफेदाबाद |
| 14:57 | 14:58 | जुग्गौर |
| 15:06 | 15:08 | मल्हौर |
| 15:25 | 15:27 | गोमतीनगर |
| 15:40 | 15:43 | बादशाह नगर |
| 16:00 | --- | डालीगंज |

**नियमित गाड़ी सं. 55061/55062 नकहा जंगल-डालीगंज-नकहा जंगल यात्री गाड़ी**

**गाड़ी सं. 55061 नकहा जंगल से** दिनांक 26.05.2026 से एवं **गाड़ी सं. 55062 डालीगंज से** दिनांक 27.05.2026 से।

| गाड़ी सं. 55061 नकहा जंगल–डालीगंज आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 55062 डालीगंज–नकहा जंगल आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 23:10 | नकहा जंगल | 04:45 | --- |
| 23:20 | 23:22 | मानीराम | 04:13 | 04:15 |
| 23:38 | 23:40 | पीपीगंज | 03:46 | 03:48 |
| 23:53 | 23:55 | कैम्पियरगंज | 03:23 | 03:25 |
| 00:10 | 00:15 | आनन्दनगर | 03:07 | 03:12 |
| 00:24 | 00:26 | बृजमनगंज | 02:22 | 02:24 |
| 00:40 | 00:42 | उसका बाजार | 02:11 | 02:13 |
| 00:52 | 00:54 | सिद्धार्थनगर | 01:55 | 01:57 |
| 01:09 | 01:11 | चिल्हिया | 01:36 | 01:38 |
| 01:21 | 01:23 | शोहरतगढ़ | 01:18 | 01:20 |
| 01:37 | 01:39 | परसा | 00:53 | 00:55 |
| 02:15 | 02:17 | बढ़नी | 00:30 | 00:40 |
| 02:22 | 02:24 | त्रिलोकपुर हाल्ट | 00:20 | 00:22 |
| 02:32 | 02:34 | पचपेड़वा | 00:10 | 00:12 |
| 02:42 | 02:44 | गैंसड़ी | 23:57 | 23:59 |
| 03:00 | 03:02 | तुलसीपुर | 23:40 | 23:42 |
| 03:17 | 03:19 | कौवापुर | 23:19 | 23:21 |
| 03:28 | 03:30 | गैंजहवा | 23:09 | 23:11 |
| 03:37 | 03:39 | झारखण्डी | 23:00 | 23:02 |
| 03:45 | 03:47 | बलरामपुर | 22:52 | 22:54 |
| 04:07 | 04:09 | इटियाथोक | 22:31 | 22:33 |
| 04:23 | 04:25 | सुभागपुर | 22:10 | 22:12 |
| 05:42 | 05:48 | गोंडा | 21:25 | 21:50 |
| 05:56 | 05:58 | गोंडा कचहरी | 20:58 | 21:00 |
| 06:05 | 06:06 | कठोला हाल्ट | 20:48 | 20:50 |
| 06:12 | 06:14 | मैजापुर | 20:28 | 20:30 |
| 06:21 | 06:22 | कस्तूरी | 20:18 | 20:20 |
| 06:28 | 06:30 | करनैलगंज | 20:10 | 20:12 |
| 06:38 | 06:40 | सरजू | 20:01 | 20:03 |
| 06:50 | 06:52 | जरवल रोड | 19:50 | 19:52 |
| 06:57 | 06:59 | घाघरा घाट | 19:43 | 19:45 |
| 07:05 | 07:07 | चौका घाट | 19:37 | 19:39 |
| 07:17 | 07:19 | बुढ़वल | 19:26 | 19:28 |
| 07:26 | 07:28 | बिन्दौरा | 18:57 | 18:59 |
| 07:34 | 07:35 | रफीनगर | 18:52 | 18:53 |
| 07:41 | 07:43 | जहांगीराबाद | 18:43 | 18:45 |
| 08:06 | 08:08 | बाराबंकी | 18:31 | 18:33 |
| 08:22 | 08:23 | सफेदाबाद | 18:19 | 18:20 |
| 08:30 | 08:31 | जुग्गौर | 18:12 | 18:13 |
| 08:41 | 08:43 | मल्हौर | 18:02 | 18:04 |
| 08:51 | 08:53 | गोमतीनगर | 17:49 | 17:51 |
| 09:01 | 09:04 | बादशाहनगर | 17:42 | 17:45 |
| 09:25 | --- | डालीगंज | --- | 17:20 |

मुजाधि/टी–16 — मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक, गोरखपुर

**ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थों को लेकर यात्रा न करें**

## सड़क हादसो में तीन घायल

फतेहपुर । जनपद के अलग–अलग थाना क्षेत्रों के अर्न्तगत हुए सड़क हादसों के दौरान तीन लोग घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। एक की हालत गंभीर देख कानपुर के लिए रेफर कर दिया गया। परिजन घायल का शहर में ही निजी अस्पताल में इलाज कराने ले गये। जानकारी के अनुसार थरियांव थाना क्षेत्र के सीतापुर गांव निवासी रघुवीर का 50 वर्षीय पुत्र सुरेश पैदल किसी काम से जा रहा था। जब वह कस्बा हाइवे में तभी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दिया। इसी प्रकार असोथर थाना क्षेत्र के बौण्डर गांव निवासी श्रीकृष्ण का 55 वर्षीय पुत्र रामदास खरबूजे की ठेलिया लगाता है।. शाम वह घर वापस लौट रहा था। तभी अज्ञात वाहन ने ठेलिया में टक्कर मार दिया। जिससे वह घायल हो गया। जबकि हुसैनगंज थाना क्षेत्र के बडागांव निवासी अजय का 25 वर्षीय पुत्र रोहित बाइक से शहर किसी काम से आ रहा था। तभी चंदीपुर भादर के पास अनियंत्रित होकर बाइक गिर जाने से गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर मौके में पहुंची सरकारी एम्बुलेंस ने सभी घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां इमरजेन्सी में तैनात चिकित्सक ने रोहित की हालत गंभीर देखते हुये कानपुर के लिए रेफर कर दिया। वहीं परिजन कानपुर न ले जाकर शहर के ही निजी अस्पताल में भर्ती कराकर इलाज करा रहे है।

## छत से गिरकर युवक घायल

फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हरनवा में देर रात छत से गिरकर 30 वर्षीय युवक घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार हरनवा निवासी अमरपाल का पुत्र रिंकू सिंह देररात सोते समय अचानक गिरकर घायल हो गया। परिजनों को जब इसकी जानकारी हुयी तो उसे तत्काल उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

फतेहपुर ।खागा कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत बेलहापार के समीप नई रेलवे लाइन पर एक अज्ञात युवक की ट्रेन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के बेलहापर गांव के समीप ट्रेन की चपेट में आ जाने से एक युवक की दर्दनाक हो गई है। घटना की सूचना पाते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। युवक की पहचान अभी नहीं हो पाई है।

## मिशन 300ः डीएम ने फावड़ा चलाकर तालाब पुनर्जीवन अभियान किया शुरू

फतेहपुर। जनपद के सूखते जलस्रोतों को नई जिंदगी देने और गांवों की धड़कन माने जाने वाले तालाबों को उनके वास्तविक स्वरूप में लौटाने के लिए जिला प्रशासन ने मिशन 300 का शंखनाद कर दिया है।. जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स एवं पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने तहसील खागा के विकास खंड ऐरायां अंतर्गत ग्राम सभा सेमौरी पहुंचकर फावड़ा चलाते हुए तालाब पुनर्जीवन अभियान का विधिवत शुभारंभ किया। डीएम ने कहा कि मिशन 300 केवल तालाबों की खुदाई का अभियान नहीं, बल्कि जल संरक्षण, पर्यावरण संवर्धन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने की व्यापक पहल है। पहले चरण में जनपद के प्रत्येक विकास खंड से 25–25 तालाब चिन्हित किए जाएंगे। जिन तालाबों पर अतिक्रमण है, उन्हें पहले कब्जामुक्त कराया जाएगा, तत्पश्चात विकसित भारत जी–रामजी योजना के अंतर्गत उनका पुनर्जीवन एवं सौंदर्यीकरण कराया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि बरसात आने से पहले सभी चिन्हित तालाबों को संवेदनशीलता और प्राथमिकता के आधार पर पुनर्जीवित किया जाए, ताकि वर्षा जल का संचयन हो सके और भूगर्भ जल स्तर में सुधार आए। डीएम ने यह भी कहा कि इस महत्वाकांक्षी अभियान से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे, जिससे स्थानीय श्रमिकों को सीधा लाभ मिलेगा। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने भी प्रशासनिक टीम के साथ श्रमदान करते हुए जनसहभागिता का संदेश दिया और ग्रामीणों से अपील की कि वे तालाबों को अतिक्रमण से मुक्त रखने में सहयोग करें। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी खागा डॉ. अभिनीत कुमार, उपायुक्त श्रम रोजगार, खंड विकास अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## आठ सूत्रीय मांगों को लेकर सिविल अधिवक्ता मंच ने सौंपा ज्ञापन

फतेहपुर ।सिविल अधिवक्ता मंच के तत्वावधान में अधिवक्ताओं ने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री को संबोधित आठ सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से सौंपा। ज्ञापन में न्यायालयों में लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण सहित अधिवक्ताओं से जुड़ी विभिन्न मांगें उठाई गईं। सिविल अधिवक्ता मंच के प्रान्त संयोजक आरपी मौर्य एडवोकेट की अगुवई में अधिवक्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे और प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को भेजे गए ज्ञापन में बताया कि न्यायालयों में वर्षों से लंबित मामलों के कारण आम जनता को न्याय मिलने में अत्यधिक देरी हो रही है। ज्ञापन में मांग की गई कि राजस्व, दीवानी एवं फौजदारी समेत 10–10 एवं 20–20 वर्षों से लंबित मामलों के निस्तारण के लिए विशेष व्यवस्था की जाए तथा ऐसे मामलों का निर्णय एक वर्ष के भीतर सुनिश्चित कराया जाए। इसके अलावा तहसीलों से लेकर जिला न्यायालय एवं उच्च न्यायालयों तक फर्जी तारीखों पर रोक लगाने और वादकारियों को किराया व अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग भी रखी गई। अधिवक्ताओं ने सुझाव दिया कि 30 वर्ष से अधिक अनुभव वाले वरिष्ठ प्रैक्टिसिंग अधिवक्ताओं को न्यायिक व्यवस्था में शामिल कर एक जिले से दूसरे जिले में तैनात किया जाए, जिससे मामलों के निस्तारण में तेजी लाई जा सके। ज्ञापन में नए प्रैक्टिसिंग अधिवक्ताओं को पांच वर्षों तक 5000 प्रतिमाह अधिवक्ता निधि के रूप में दिए जाने की भी मांग उठाई गई। वहीं प्रदेश में मई एवं जून माह में सुबह 7 बजे से 12 बजे तक कचहरी संचालन की व्यवस्था का विरोध जताते हुए अधिवक्ताओं ने कहा कि इससे वादकारियों एवं अधिवक्ताओं को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सिविल अधिवक्ता मंच के पदाधिकारियों ने कहा कि यदि मांगों पर शीघ्र विचार नहीं किया गया तो आगे आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी। इस दौरान ओम प्रकाश पाल, अरूण कुमार रावत, अभिमन्यु सिंह, ललित कुमार निषाद, विशाल सिंह गौतम, श्रीकृष्ण गुप्ता, देवेन्द्र सिंह, अभिषेक सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, संदीप मिश्रा, जीत कुमार मौर्य समेत तमाम अधिवक्ता मौजूद रहे।

## स्वच्छता और हाईटेक सुविधाओं से बदली बहराइच रेलवे स्टेशन की तस्वीर

दैनिक बुद्ध का संदेश

बहराइच। कभी पिछड़े जिलों में गिने जाने वाला बहराइच अब



तेजी से विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इसका ताजा उदाहरण बहराइच रेलवे स्टेशन है, जहां स्वच्छता, आधुनिक तकनीकी सुविधाओं और बेहतर यात्री व्यवस्थाओं ने स्टेशन की तस्वीर बदल दी है। स्टेशन परिसर में साफ–सफाई की बेहतर व्यवस्था, यात्री सुविधाओं का विस्तार और आधुनिक तकनीक का उपयोग यात्रियों को आकर्षित कर रहा है। रेलवे स्टेशन पर बढ़ती सुविधाएं इस बात का संकेत हैं कि आने वाले समय में बहराइच का जुड़ाव देश के अन्य बड़े शहरों से और मजबूत होगा। स्थानीय लोगों को उम्मीद है कि जल्द ही जिले को नई ट्रेनों की सौगात भी मिलेगी, जिससे यात्रियों को अधिक सुविधा प्राप्त होगी। स्थानीय नागरिकों और यात्रियों से स्टेशन की स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग की अपील की गई है। लोगों का कहना है कि स्वच्छ और व्यवस्थित रेलवे स्टेशन जिले की नई पहचान बनता जा रहा है तथा इसे बेहतर बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है।

## बहराइच में युवक ने आम के पेड़ से फांसी लगाकर की आत्महत्या

दैनिक बुद्ध का संदेश

बहराइच। जनपद के पयागपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत वैनी गांव में



रविवार सुबह एक युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अमन पांडे पुत्र शिव कुमार पांडेय निवासी वैनी, थाना पयागपुर, उम्र लगभग 20 वर्ष ने आज दिनांक 24 मई 2026 को सुबह करीब 9रू30 बजे कैलाश नाथ पांडे के खेत में लगे आम के पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल बना हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है तथा आत्महत्या के कारणों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

## बहराइच में ग्राम प्रधान समेत 4 लोगों पर गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज

दैनिक बुद्ध का संदेश

बहराइच। जनपद के जरवल थाना क्षेत्र में अश्लील वीडियो वायरल करने के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए ग्राम प्रधान, प्रधान प्रतिनिधि समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार, मामले में ग्राम प्रधान सुशीला और प्रधान प्रतिनिधि राजेश सहित चार आरोपियों पर ‶ब्वैज एक्ट और आईटी एक्ट की धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। पीड़ित पक्ष की शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक वीडियो प्रसारित करने के आरोपों की गंभीरता से जांच की जा रही है। दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यह पूरा मामला बहराइच जिले के थाना जरवल क्षेत्र का बताया जा रहा है।

# फर्नीचर बनाकर हेमा ने छुआ सपनों का आसमान

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। करमा ब्लॉक स्थित सरौली गांव की महिला उद्यमी हेमा कुमारी महिला सशक्तिकरण की अनूठी मिसाल बन चुकी हैं। जिसके सामने कभी खुद परिवार चलाने का संकट हो, वह महिला आत्मनिर्भर बनकर अब 20 लोगों को रोजागार दे रही है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) और प्रदेश की योगी सरकार की महिला सशक्तिकरण योजनाओं का लाभ लेकर हेमा ने यह साबित कर दिया कि अगर महिलाओं को सही मंच, प्रशिक्षण और आर्थिक सहयोग मिले तो वे अपनी तकदीर खुद लिख सकती हैं। 27 वर्षीय हेमा ने बताया कि वे बेहद साधारण परिवार से हैं। आर्थिक तंगी के चलते परिवार के भरण–पोषण के लिए उन्हें मजदूरी तक करनी पड़ी। उन्होंने अपने सफर की शुरूआत सत्य आजीविका महिला स्वयं सहायता समूह से जुड़ कर की। इसके बाद उन्हें एनआरएलएम की ओर से फर्नीचर बनाने का प्रशिक्षण दिलाने के साथ ही 20 हजार रुपये का ऋण भी दिलाया गया। जिसके बाद उन्होंने अपने पति धर्मेन्द्र प्रजापति के साथ मिलकर लकड़ी के फर्नीचर बनाकर स्थानीय बाजारों में बेचना शुरू किया। बाजार में धीरे–धीरे उनके बनाए फर्नीचर की मांग बढ़ने पर उनके भीतर आत्मविश्वास जागा। उनके भीतर उद्यमशीलता को निखारने में कदम–कदम पर एनआरएलएम ने सहयोग किया। समय–समय पर वित्तीय मदद के साथ–साथ प्रशिक्षण, व्यवसाय प्रबंधन व विपणन संबंधी जानकारी भी एनआरएलएम के द्वारा उपलब्ध कराई गई। हेमा कहती हैं कि अब उनके बनाए फर्नीचर की बाजार में इतनी डिमांड हो गई है कि उन्होंने फर्नीचर बनाने के लिए 20 कारीगरों को रखा हुआ है। कभी मुश्किल से परिवार चलाने वाली आत्मनिर्भर हेमा आज 20 लाख रुपये की सालाना की आमदनी कर रही हैं। वे अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाने के साथ ही परिवार का भरण–पोषण भी अब अच्छे से कर पा रही हैं।

### योगी सरकार की पारदर्शी नीति के चलते हेमा बनीं आत्मनिर्भर

*हेमा कहती हैं कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि वह अपने गांव में युवाओं के लिए रोजगार का जरिया बनेंगी। लेकिन योगी सरकार की योजनाओं और प्रशासनिक सहयोग ने उनके आत्मविश्वास को नई ताकत दी। कारोबार बढ़ने पर उन्होंने अपनी दुकान खोल ली। जिसके बाद एनआएलएम द्वारा उन्हें 5 लाख रुपये का ऋण उपलब्ध कराया गया। समय पर ऋण अदा करने पर उन्होंने दोबारा 5 लाख रुपये का ऋण लेकर अपनी दुकान में मांग के अनुरूप इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पाद भी बेचना शुरू कर दिया है। हेमा कहती हैं कि उनका यह सपना योगी सरकार की पारदर्शी नीति के कारण ही संभव हो सका है। वहीं दूसरी ओर, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की उपायुक्त सरिता सिंह ने बताया ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए एनआरएलएम द्वारा महिलाओं का कौशल विकास करने के साथ ही उन्हें वित्तीय सहायता भी उपलब्ध कराई जाती है। महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकें इसके लिए समय–समय पर उन्हें सभी जरूरी प्रशिक्षण भी दिलाए जाते हैं। महिलाओं को हेमा से प्रेरणा लेकर आत्मनिर्भर बनने के लिए कदम आगे बढ़ाने चाहिए जिसमें प्रदेश सरकार व एनआरएलएम उनकी हर संभव मदद करेगा।*

## आरोग्य मेला में पीएचसी खलियारी पर 47 मरीजों को जांच कर दी गई दवा

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। नगवां ब्लाक क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खलियारी



पर रविवार को सीएम आरोग्य मेला में कुल 47 मरीजों को दवा वितरण किया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खलियारी के फार्मासिस्ट अनूप कुमार ने बताया कि मेला में कुल 47 मरीजों को दवा वितरण किया गया है, जिसमें अधिकांश मरीज बुखार, खांशी,सुगर से सम्बंधित मरीजों का इलाज किया गया है। गर्भवती महिलाओं की जांच कर रही एएनएम सरस्वती देवी ने बताया कि हमारे यहां कुल 10 महिलाओं का वजन, बीपी,एच बी, एचआईवी का जांच कर उन्हें आईरन, कैल्शियम ,फोलिक एसिड दवा दी गई। दोमहिला का डिलेवरी भी हुआ है। मेला में लैब टैक्नीशियन पवन कुमार मरीजों को जांच कर रहे हैं, उन्होंने बताया कि 9 मरीजों का जॉच किया गया जिसमें, हिमोग्लोबिन, मलेरिया, टाईफाइड, शुगर का जॉच किया गया जिसमें कोई पॉजिटिव नहीं पाया गया है। मेला में सीएचओ सुनीता यादव , फार्मासिस्ट अनूप कुमार मरीजों को दवा वितरण किया गया। आरोग्य मेला में क्षेत्र के खलियारी, पंडरी, रायपुर, सुअरसोत, तेनूडाही, कजियारी, माची, पंडरी,दरमा आदि क्षेत्रों से मरीज इलाज कराने आए थे।

# यातायात नियमों के उल्लंघन पर बड़ा अभियान, कुल 461 वाहनों का चालान, 04 वाहन सीज

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी यातायात डॉ0 चारू द्विवेदी व समस्त क्षेत्राधिकारीगण के पर्यवेक्षण में जनपद में सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के पालन हेतु विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान यातायात पुलिस एवं जनपद पुलिस द्वारा नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही की गयी। 23.05.2026 को चलाये गये अभियान के दौरान बिना हेलमेट के 149, बिना सीट बेल्ट के 11, मोबाइल फोन का प्रयोग करने पर 07, ड्रिंकिंग ड्राइव में 03, तीन सवारी में 32, रॉन्ग साइड में 50, हाई बैल्यूम म्यूजिक/टोनहार्न/मोडिफाइड साइलेंसर/प्रदूषण उल्लंघन में 37, नो पार्किंग में 42, डीएल संबंधी उल्लंघन में 34, एनश्योरेन्स 08, दोषपूर्ण नम्बर प्लेट में 33 तथा काली फिल्म/बुलेट मॉडिफाइड साइलेंसर में 08 चालान व 02 वाहन सीज किये गये। दिन के अभियान में कुल 416 वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही की गयी। इसके अतिरिक्त दिनांक 23.05.2026 को रात्रि 08:00 बजे से 11:00 बजे तक लोढ़ी टोल प्लाजा पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान क्षेत्राधिकारी यातायात डॉ0 चारू द्विवेदी के नेतृत्व में यातायात पुलिस द्वारा प्रेशर हॉर्न के विरुद्ध 20, ड्रिंक एंड ड्राइव के 03 (जिसमें 02 वाहन सीज किये गये), फाल्टी नम्बर प्लेट के 16, मॉडिफाइड साइलेंसर के 01 तथा अन्य उल्लंघनों में 05 चालान किये गये। रात्रि अभियान में कुल 45 वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही की गयी। इस प्रकार दिन एवं रात्रि अभियान को मिलाकर कुल 461 वाहनों का चालान किया गया तथा 04 वाहनों को सीज किया गया। सोनभद्र पुलिस द्वारा आमजन से अपील की गयी है कि यातायात नियमों का पालन करें, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन एवं नशे के सेवन से बचें, जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके।

## 03.345 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद, 01 अभियुक्त व 01 अभियुक्ता गिरतार

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अनिल कुमार व क्षेत्राधिकारी पिपरी हर्ष पाण्डेय के कुशल पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध एवं मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना पिपरी पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए दो अलग–अलग मामलों में कुल 03.345 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद कर 02 अभियुक्तों/अभियुक्ता को गिरतार किया गया।

24.05.2026 को उ0नि0 जितेन्द्र सरोज मय हमराह हे0का0 मुन्ना सिंह यादव, रि0का0 सुभाष कुमार एवं रि0म0का0 गरिमा के साथ क्षेत्र भ्रमण एवं चेकिंग में मामूर थे। इसी दौरान एक महिला रेलवे स्टेशन रेनुकूट के पूर्वी छोर से रेलवे कालोनी की ओर अवैध गांजा लेकर जा रही है। पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध महिला को रेलवे बिजली पावर हाउस के पास रोककर पूछताछ की गयी।

तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 01.420 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में महिला ने अपना नाम विमला देवी पत्नी स्व० रामलाल निवासी चाचा कालोनी वार्ड नं0–03 रेनुकूट थाना पिपरी जनपद सोनभद्र, उम्र लगभग 50 वर्ष बताया। गिरतारी/बरामदगी के आधार पर थाना पिपरी पर मु0अ0सं0–99/2026 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजी.त कर अग्रेतर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। उ0नि0 दिलीप कुमार सिंह मय हमराह हे0का0 अनिल कुशवाहा के साथ क्षेत्र भ्रमण एवं चेकिंग में रेलवे ग्राउण्ड के पीछे मौजूद थे। इसी दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा, जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया।

तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 01.925 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में अभियुक्त ने अपना नाम सुनील कुमार उर्फ पहाड़ी पुत्र स्व० शंकर निवासी वार्ड नं0–08 तुर्रा थाना पिपरी जनपद सोनभद्र, उम्र लगभग 43 वर्ष बताया। गिरतारी/बरामदगी के आधार पर थाना पिपरी पर मु0अ0सं0–100/2026 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजी.त कर अग्रेतर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

## .रॉड हुई 34 हजार की धनराशि पुलिस ने कराया वापस

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। ऑनलाइन.रॉड हुई 55 हजार की धनराशि कों साइबर अपराध की टीम व शक्ति नगर पुलिस ने पीड़ित रविकांत तिवारी निवासी कोटा बस्ती कों 34 हजार की धनराशि खाते में वापस कराया। शक्ति नगर थाना प्रभारी सत्येंद्र राय ने बताया कि आवेदक की फ्रॉड हुई धनराशि को संबंधित खाते में होल्ड कराया गया तथा एनसीआरपी पोर्टल से आवश्यक साक्ष्य एकत्रित करके संबंधित बैंक खाता को ईमेल पत्राचार के जरिए ऑनलाइन फ्रॉड हुई धनराशि 34000 मूल बैंक खाते में वापस कराया गया है। फ्रॉड हुई धनराशि वापस खाते में आने से पीड़ित कें चेहरे खिल उठे।

## अधीक्षको का एक ही जगह वर्षों से जमे रहने का आरोप, स्थानान्तरण की मांग

कुशीनगर,। जनपद के विभिन्न सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर 4 से 5 वर्षों से जमे अधीक्षकों को लेकर अब सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों और सामाजिक कार्यकर्ताओं का कहना है कि लंबे समय से एक ही स्थान पर तैनाती रहने से स्वास्थ्य व्यवस्था प्रभावित हो रही है और पारदर्शिता पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। लोगों का आरोप है कि कुछ अधीक्षक अंगद के पैर की तरह वर्षों से एक ही स्थान एवं कुर्सी पर जमे हुए हैं। जबकि शासन की स्थानांतरण नीति के अनुसार समय –समय पर तबादला होना चाहिए। जनपद के कई स्वास्थ्य केंद्रों में लंबे समय से तैनाती को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। सामाजिक कार्यकर्ताओं ने प्रदेश के मुखिया, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मामले का संज्ञान लेने की मांग की है। उनका कहना है कि स्वास्थ्य विभाग में पारदर्शिता और बेहतर कार्य प्रणाली के लिए लंबे समय से जमे अधिकारियों का स्थानांतरण आवश्यक है। स्थानीय नागरिकों ने मांग किया है कि शासन स्तर से जांच कराकर ऐसे अधिकारियों के तबादले की कार्रवाई की जाए, ताकि स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार हो सके और आम जनता को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

# राम सिंह हत्याकांड में कोर्ट का सख्त रुख, गैरहाजिर आरोपियों को चेतावनी के बाद सभी पहुंचे अदालत, 2 जून की सुनवाई पर टिकी निगाहें

दैनिक बुद्ध का संदेश

अयोध्या। चर्चित राम सिंह हत्याकांड में अदालत के सख्त रुख के बाद मामले ने एक बार फिर तूल पकड़ लिया है। लंबे समय से सुनवाई के दौरान गैरहाजिर रहने वाले आरोपी कोर्ट की कड़ी चेतावनी के बाद आखिरकार अदालत में पेश हुए। कोर्ट ने स्पष्ट कर दिया था कि अगली तारीख पर गैरहाजिरी की स्थिति में वारंट जारी कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसी सख्ती के बाद 22 मई 2026 को सभी आरोपी अदालत में हाजिर हुए। अब इस बहुचर्चित मामले की अगली सुनवाई 2 जून 2026 को होगी, जिस पर पीड़ित परिवार समेत पूरे क्षेत्र की निगाहें टिकी हैं। मामला थाना इनायत नगर क्षेत्र के पलिया, कुचेरा गांव का है, जहां 17 सितंबर 2023 को स्वर्गीय राम सिंह के साथ कथित मारपीट की घटना हुई थी। आरोप है कि गांव के ही अंकुर सिंह, विकास सिंह, गिरिजा देवी उर्फ लमबरदारिन और मंजू सिंह ने उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया था। हालत बिगड़ने पर राम सिंह को इलाज के लिए लखनऊ के केजीएमयू ट्रामा सेंटर ले जाया गया, जहां 19 सितंबर 2023 को उनकी मौत हो गई। घटना के बाद 26 सितंबर 2023 को अपराध संख्या 435/23 के तहत मुकदमा दर्ज हुआ। पीड़ित पक्ष का आरोप रहा कि न्याय की प्रक्रिया के दौरान आरोपी लगातार अदालत में गैरहाजिर रहते थे, जिससे सुनवाई प्रभावित हो रही थी। कई तारीखें बीतने के बाद अदालत ने इस पर नाराजगी जताई और 14 मई 2026 की सुनवाई के दौरान साफ चेतावनी दी कि 22 मई को सभी आरोपी अदालत में उपस्थित नहीं हुए तो उनके खिलाफ वारंट जारी कर कार्रवाई की जाएगी। मामले की पैरवी कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता मार्तंड प्रताप सिंह के अनुसार अदालत की सख्ती का असर साफ दिखाई दिया और सभी आरोपी अदालत में पेश हुए। कोर्ट ने अब मामले को गंभीरता से लेते हुए आगे की सुनवाई तेज कर दी है और अगली तारीख 2 जून 2026 तय की है। पीड़ित परिवार को उम्मीद है कि अदालत के सख्त रुख के बाद न्याय की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ेगी। वहीं गांव और आसपास के इलाकों में भी इस मामले को लेकर चर्चाएं तेज हैं। अब सबकी नजर 2 जून की सुनवाई पर है, जहां इस चर्चित हत्याकांड में अदालत का अगला कदम क्या होगा, इसे लेकर उत्सुकता बनी हुई है।

## कबाड़ दुकान संचालक कों बीना पुलिस नें भेजा जेल

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। 40 कुंटल सरिया चोरी के आरोप में बीना बस स्टैंड निवासी अजय अग्रहरि दुकान संचालक को पुलिस ने गिरतार कर जेल रवाना कर दिया।पुलिस कें कारवाई से कबाड़ दुकान संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है। इससे पूर्व खड़िया निवासी सिराज और पीयूष कुमार को पुलिस ने गिरतार कर जेल रवाना कर दिया था। बीना चौकी प्रभारी अजय कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि चोरी का सरिया अजय अग्रहरि के कबाड़ दुकान से बरामद हुई थी। चोरी कें लगभग 40 कुंतल सरिया कों कब्जे में लेकर पिकअप सहित सीज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। बताया कि मध्य प्रदेश बैढ़न निवासी एक निजी कम्पनी कें अकाउंटेंट साजिद ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि कंपनी में सरिया कबाड़ के रूप में एकत्रित है।जिसकी बिक्री के लिए एक बार सिराज से बातचीत की थी लेकिन पॉजिटिव रेट तय न होने के कारण बात नहीं बन सकी। पीड़ित के मुताबिक बिना रेट भाव तय किए सिराज ने पिकअप पर लोड कर लगभग 40 कुंटल सरिया चोरी कर ले जाने का आरोप लगाया हैं । जिसकी पुलिस गहन से जांच किया तो चोरी का सरिया बीना बस स्टैंड निवासी अजय अग्रहरि कबाड़ दुकान संचालक के गोदाम से बरामद हुआ था। फिलहाल पुलिस सरिया चोरी कें मामले की विवेचना में जुटी हुई हैं।

## गाजीपुर में तेज रफ्तार अज्ञात थार की टक्कर से दो युवक घायल, चालक फरार

लखनऊ। राजधानी के गाजीपुर थाना क्षेत्र स्थित सेक्टर–18 में देर रात एक सड़क दुर्घटना में तेज रफ्तार अज्ञात थार वाहन की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार दो युवक घायल हो गए। दुर्घटना के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर उपचार शुरू कराया तथा मामले की जांच शुरू कर दी है।पुलिस के अनुसार, 23 मई 2026 की रात लगभग 10रू30 बजे थाना गाजीपुर पुलिस को सेक्टर–18 क्षेत्र में सड़क दुर्घटना की सूचना प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया गया।प्रारंभिक जांच में सामने आया कि इंदिरानगर निवासी कार्तिकेय त्रिपाठी अपने मित्र अमित सिंह के साथ मोटरसाइकिल संख्या यूपी 32 ईडी 4298 अपाचे से घर लौट रहे थे। इसी दौरान सामने से तेज गति से आ रही काले रंग की अज्ञात थार वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों युवक सड़क किनारे गिरकर घायल हो गए और मोटरसाइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गई।दुर्घटना के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने तत्काल घायलों को परिजनों की मौजूदगी में उपचार के लिए डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान भेजा। उपचार के दौरान कार्तिकेय त्रिपाठी के पैर में फ्रैक्चर की पुष्टि हुई, जबकि अमित सिंह को मामूली चोटें आई हैं।घटना की जांच के दौरान आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई, जिसमें काले रंग की थार वाहन मोटरसाइकिल को टक्कर मारते हुए दिखाई दे रही है। हालांकि, अभी तक वाहन का पंजीकरण नंबर स्पष्ट नहीं हो सका है।थाना गाजीपुर पुलिस वाहन और चालक की पहचान के लिए लगातार प्रयास कर रही है। पुलिस का कहना है कि पीड़ित पक्ष से तहरीर प्राप्त होने पर नियमानुसार मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## डूबने से 7 वर्षीय मासूम की मौत, परिवार में मचा कोहराम

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। दुद्धी कोतवाली क्षेत्र के अमवार चौकी अंतर्गत बघाडू गांव के बोलताकरम टोला में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। यहाँ एक 7 वर्षीय मासूम बच्चे की तालाब में डूबने से मौत हो गई। इस घटना के बाद से मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है और पूरे गांव में मातमी सन्नाटा पसरा है। परिजनों ने बताया कि बोलताकरम टोला निवासी रंकलाल का 7 वर्षीय पुत्र नितेश कुमार रविवार को घर से करीब 100 मीटर दूर स्थित तालाब पर गया था जिसकी जानकारी परिजनों नहीं थी, नितेश बिना बताए अकेले ही तालाब में नहाने उतर गया। नहाते–नहाते मासूम गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। तालाब के आसपास किसी के न होने के कारण उसे समय रहते बचाया नहीं जा सका। काफी देर तक जब नितेश घर नहीं लौटा, तो परिजनों को चिंता हुई। उन्होंने उसकी खोजबीन शुरू की। तलाश करते हुए जब परिजन तालाब के पास पहुंचे, तो पानी की सतह पर नितेश का शव उतराता देख उनके होश उड़ गए। परिजनों ने आनन–फानन में ग्रामीणों की मदद से शव को पानी से बाहर निकाला, लेकिन तब तक मासूम की सांसें थम चुकी थी,ग्रामीणों ने तत्काल इस घटना की सूचना अमवार पुलिस चौकी को दी। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी जयशंकर राय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर शव को अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरने के बाद उसे पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुद्धी भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## भूटान में सम्मानित हुए डॉ. पीएन पाण्डेय

दैनिक बुद्ध का संदेश

संतकबीर नगर। करमैनी गांव निवासी वरिष्ठ पत्रकार एवं प्रबंध संपादक डॉ. पीएन पाण्डेय को भूटान की राजधानी थिम्फू में आयोजित "दी इंडो भूटान मैत्री सम्मान 2026" समारोह के दौरान अंतरराष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित किया गया। उन्हें पत्रकारिता, जनसरोकार एवं सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान हेतु "दी इंडो भारत मैत्री सम्मान 2026" प्रदान किया गया। इस भव्य अंतरराष्ट्रीय समारोह में भारत सहित विभिन्न देशों की विशिष्ट विभूतियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. ताशी जांगमो रहीं, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में जैक्सन दुकपा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संत डॉ. सौरभ पाण्डेय ने की। डॉ. पीएन पाण्डेय वर्तमान में स्वतंत्र पत्रकार विजन, अतुल्य भारत चेतना, पूर्वांचल न्यूज 24 एवं बहुजन प्रेरणा सहित कई समाचार पत्रों में प्रबंध संपादक के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। वे पूर्व में "विद्या वाचस्पति" एवं "सार्क प्राइड अवार्ड" सहित अनेक प्रतिष्ठित सम्मानों से भी सम्मानित हो चुके हैं। कार्यक्रम का आयोजन देवनागरी उत्थान फाउंडेशन, धरा धाम इंटरनेशनल तथा एशिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स सहित विभिन्न अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के संयुक्त तत्वावधान में सम्पन्न हुआ। सम्मान प्राप्त होने पर डॉ. पीएन पाण्डेय ने मानद कुलपति संत डॉ. सौरभ पाण्डेय के प्रति आत्मिक आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनका स्नेह, मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद सदैव प्रेरणादायी रहा है। सम्मान की सूचना से संतकबीर नगर सहित पूरे पूर्वांचल क्षेत्र में हर्ष का वातावरण व्याप्त है।

## गोवध निवारण अधिनियम से संबंधित 01 नफर वांछित अभियुक्त गिरतार

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही तथा अवैध गोवंश तस्करी में संलिप्त अभियुक्तों की गिरतारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन ऋषभ रुणवाल एवं क्षेत्राधिकारी दुद्धी राजेश कुमार राय के कुशल निर्देशन में थाना विण्ढमगंज पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। 24.05.2026 को थाना विण्ढमगंज पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र के झारखंड बॉर्डर क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए

गोवध निवारण अधिनियम से संबंधित 01 नफर वांछित अभियुक्त राम दयाल यादव पुत्र बैजनाथ यादव निवासी करमसार थाना ओबरा जनपद सोनभद्र को गिरतार किया गया। उक्त प्रकरण के संबंध में थाना विण्ढमगंज पर मु0अ0सं0–38/2026 धारा 3/5ए/8 गोवध निवारण अधिनियम एवं 11 पशु क्रूरता अधिनियम पंजी.त है। गिरतार अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए उसे न्यायालय भेजा गया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रकः– श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक– राजेश कुमार शर्मा
आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458 9415163471, 9453824459 दैनिक बुद्ध का संदेश 9795951917,9415163471 @budhakasandesh budhakasandeshnews@gmail.com www.budhakasandesh.com
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

# बॉक्स ऑफिस पर चांद मेरा दिल की सुस्त शुरुआत,पहले दिन की इतनी कमाई, करुप्पु के लिए दूसरे हफ्ते भी सिनेमाघरों में उमड़ी भारी भीड़



अनन्या पांडे और लक्ष्य लालवानी की रोमांटिक फिल्म चांद मेरा दिल आखिरकार सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है और इसके पहले दिन के कमाई के आंकड़े भी सामने आ गए हैं। निर्माताओं ने दर्शकों को खींचने के लिए सस्ते टिकट का पैंतरा भी आजमाया था, लेकिन उनका ये दांव पूरी तरह बेकार गया। फिल्म के लिए बॉक्स ऑफिस पर पहला दिन खास नहीं रहा और इसने बेहद ठंडी शुरुआत की है। फिल्म को दर्शकों और समीक्षकों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली थी। निर्माताओं ने पहले दिन के लिए टिकटों की कीमत भी किफायती रखी थी। शाम 5 बजे से पहले के शो के टिकट 149 रुपये में और शाम 5 बजे के बाद के शो के टिकट 199 रुपये में बिके। हालांकि, ये रणनीति भी काम ना आई। फिल्म पहले दिन महज 2.90 करोड़ रुपये जुटा सकी। हालांकि, इसने एक दिन की 1.15 करोड़ की कमाई को तो पहीछे छोड़ ही दिया। भले ही चांद मेरा दिल ने बॉक्स ऑफिस पर उम्मीद से थोड़ी धीमी शुरुआत की है, लेकिन फिल्म के मुख्य अभिनेता लक्ष्य लालवानी के लिए ये एक बड़ी व्यक्तिगत कामयाबी लेकर आई है। रिलीज के पहले दिन 2.90 करोड़ का कारोबर कर इस फिल्म ने लक्ष्य की साल 2024 में आई सुपरहिट एक्शन फिल्म किल के रिकॉर्ड को धूल चटा दी है। किल ने अपने ओपनिंग डे पर महज 1.35 करोड़ की कमाई की थी। दूसरी ओर साउथ सुपरस्टार सूर्या की फिल्म करुप्पु ने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया है। फिल्म ने रिलीज के 8वें दिन भारत में 7.80 करोड़ रुपये कमाए हैं। रिलीज के महज 8 दिनों के भीतर इस फिल्म ने दुनियाभर में 200 करोड़ रुपये का जादुई आंकड़ा पार कर इतिहास रच दिया है। दूसरे हफ्ते भी फिल्म की कमाई की रफ्तार थमी नहीं है और तमिल सिनेमाघरों के साथ–साथ विदेशी बाजारों में भी दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ रही है। उधर 15 मई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई आयुष्मान खुराना, रकुल प्रीत सिंह, सारा अली खान और वामिका गब्बी की पति पत्नी और वो दो कि रिलीज को पूरे 8 दिन हो चुके हैं। हर बढ़ते दिन के साथ इसकी कमाई घट रही है। फिल्म ने छठे दिन 2.75 करोड़ रुपये कमाए थे। 7वें दिन 2 करोड़ रुपये बटोरे और अब 8वें दिन की कमाई घटकर 1.35 करोड़ रह गई है। फिल्म भारत में 30.40 करोड़ रुपये कमा पाई है।

## कृति सेनन ने सिनेमा की दुनिया में पूरे किए 12 साल, बयां की दिल की बात

बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री कृति सेनन ने अभिनय की दुनिया में 12 साल पूरे कर लिए हैं। इस खास मौके पर कृति ने सोशल मीडिया के जरिए अपनी खुशी जाहिर की। कृति ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक तस्वीर पोस्ट की, जिसमें उनके अब



तक के करियर के सभी यादगार और मशहूर किरदारों का कोलाज शामिल है। अभिनेत्री ने खुशी जाहिर करते हुए लिखा, वाह! फिल्मों की इस जादुई दुनिया में कदम रखे हुए मुझे 12 साल हो गए हैं। कृति ने साल 2014 में आई फिल्म हीरोपंती से बॉलीवुड में कदम रखा था। इस फिल्म में उनके साथ अभिनेता टाइगर श्रॉफ ने भी अपने करियर की शुरुआत की थी। पहली ही फिल्म से कृति ने अपनी एक्टिंग से दर्शकों का दिल जीत लिया था। इसके बाद उन्होंने बरेली की बर्फी, लुका छुपी, दिलवाले, मिमी और क्रू जैसी कई सुपरहिट और बेहतरीन फिल्मों में काम किया।

फिल्म मिमी में सरोगेट मां के किरदार ने उनके करियर को नई ऊंचाई दी। इस भूमिका के लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार से भी नवाजा जा चुका है। अभिनेत्री ने अपने करियर में हर तरह के किरदार निभाए हैं।

अभिनेत्री जल्द ही बहुचर्चित रोमांटिक–कॉमेडी फिल्म कॉकटेल 2 में नजर आएंगी। होमी अदजानिया के निर्देशन में बन रही इस फिल्म में कृति के साथ शाहिद कपूर और रश्मिका मंदाना भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म में कृति सेनन अपने अब तक के सबसे बोल्ड और ग्लैमरस अवतार में नजर आएंगी। ऐसी भी चर्चा है कि कृति और रश्मिका इस फिल्म में ग्रे शेड्स वाले किरदार निभाती दिख सकती हैं।

फिल्म की कहानी प्यार, दोस्ती और उलझे हुए रिश्तों के इर्द–गिर्द घूमती है। फिल्म का नया गाना माशूका पहले ही रिलीज हो चुका है, जिसमें शाहिद कपूर और कृति सेनन के बीच की शानदार केमिस्ट्री दर्शकों को काफी पसंद आ रही है। यह फिल्म 19 जून 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## है जवानी तो इश्क होना है से तेरा हो जाऊं गाना रिलीज, वरुण–पूजा की केमिस्ट्री ने बनाया फैंस को दीवाना

कभी–कभी कुछ गाने सिर्फ सुने नहीं जाते, महसूस किए जाते हैं और श्तेरा हो जाऊंय बिल्कुल वैसा ही एहसास लेकर आया है। वरुण धवन और पूजा हेगड़े पर फिल्माया गया यह ट्रैक प्यार की



उसी मासूम और खूबसूरत दुनिया में ले जाता है, जहां मुस्कुराहटें बिना वजह चेहरे पर आ जाती हैं। फिल्म श्जवानी तो इश्क होना हैय का यह नया गाना रिलीज होते ही युवाओं की प्लेलिस्ट का फेवरेट बनता नजर आ रहा है।

गाने की सबसे बड़ी ताकत इसकी सादगी और फील–गुड वाइब है। स्टेबिन बेन की दिल छू लेने वाली आवाज और जोनिता गांधी की सॉफ्ट मेलोडी मिलकर इसे बेहद खास बना देती है। वहीं, व्हाइट नॉइज कलेक्टिव्स का म्यूजिक मॉडर्न होने के साथ बेहद सुकूनभरा है। वायु के आसान लेकिन दिल में उतर जाने वाले लिरिक्स इस रोमांटिक ट्रैक को और यादगार बनाते हैं।

स्क्रीन पर वरुण और पूजा की केमिस्ट्री इतनी नेचुरल लगती है कि हर फ्रेम में एक प्यारी सी गर्माहट महसूस होती है। बिना किसी ओवरड्रामा के यह गाना प्यार के उस हल्के, खुशहाल एहसास को सेलिब्रेट करता है, जिसे हर कोई जीना चाहता है। टिप्स म्यूजिक के बैनर तले रिलीज हुआ यह गीत डेविड धवन के निर्देशन में बनी फिल्म श्जवानी तो इश्क होना हैय का हिस्सा है, जिसमें वरुण धवन, मृणाल ठाकुर और पूजा हेगड़े मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। यह बहुप्रतीक्षित फिल्म 5 जून को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए पूरी तरह तैयार है।

## सपने वर्सेस एवरीवन पर फिल्म बनाने की तैयारी, सीरीज पर आया बड़ा अपडेट

द वायरल फीवर (टीवीएफ) की लोकप्रिय वेब सीरीज सपने वर्सेस एवरीवन अपने दूसरे सीजन के साथ दर्शकों का भरपूर मनोरंजन कर रही है। 5 एपिसोड वाली इस सीरीज का प्रीमियर अमेजन




प्राइम वीडियो पर किया गया है। ताजा अपडेट है कि सीरीज की जबरदस्त सफलता को देखने के बाद, टीवीएफ अभिनेता और निर्माता अंबरीश वर्मा के साथ एक फीचर फिल्म बनाने की योजना पर काम कर रहा है। यह अपडेट बेशक सीरीज के फैंस को खुश कर देगा।

रिपोर्ट के मुताबिक, चर्चित सीरीज मिर्जापुर की तर्ज पर, निर्माता सपने वर्सेस एवरीवन पर फीचर फिलम बनाने का विचार कर रहे हैं। इस बारे में बात करते हुए एक सूत्र ने कहा, अंबरीश वर्मा बड़े पर्दे के नए चहेते अभिनेता बनकर उभरे हैं। सपने वर्सेस एवरीवन 2 की सफलता के बाद, टीवीएफ अब इस सीरीज पर आधारित एक पूर्ण फीचर फिल्म बनाने की योजना बना रहा है, जिसमें अंबरीश मुख्य भूमिका निभाएंगे।

रिपोर्ट के अनुसार, दूसरे सीजन की सफलता के बाद, निर्माता इस फ्रैंचाइजी को और आगे बढ़ाने के लिए बेहद आशावादी नजर आ रहे हैं। अंबरीश की सहज उपस्थिति और शो की भावनात्मक रूप से गहराई से जुड़ी कहानी दर्शकों को बहुत पसंद आ रही है। इस बीच, फिल्म बनाए जाने की संभावना ने फैंस को बेहद उत्साहित कर दिया है। अब देखना दिलचस्प होगा कि निर्माता फीचर फिल्म बनाने की दिशा में आगे क्या फैसला लेते हैं।

# बच्चों के दांतों की सफाई करते समय न करें ये 5 गलतियां, हो सकता है नुकसान



बच्चों की दांतों की सफाई करना एक जरूरी काम है, लेकिन कई बार माता–पिता कुछ ऐसी गलतियां कर बैठते हैं, जिनसे बच्चों के दांतों को नुकसान पहुंच सकता है। इन गलतियों में टूथब्रश का गलत चयन, ब्रश करने का तरीका, फ्लोराइड का अधिक उपयोग और बच्चों को खुद ब्रश करने देना शामिल है। आइए आज हम आपको इन गलतियों के बारे में विस्तार से बताते हैं ताकि आप इनसे बच सकें और आपके बच्चों के दांत स्वस्थ रहें।

सही टूथब्रश का चयन न करना

बच्चों के लिए सही टूथब्रश का चयन करना बहुत जरूरी है। अक्सर माता–पिता बड़े आकार के ब्रश का उपयोग करते हैं, जो बच्चों के छोटे मुंह के लिए सही नहीं होता। इसके बजाय छोटे सिर वाले मुलायम बालों वाले ब्रश का चयन करें ताकि वे आसानी से हर कोने तक पहुंच सकें और बच्चों के दांतों को अच्छे से साफ कर सकें। इसके अलावा टूथब्रश की नोक को भी ध्यान में रखें।

टूथब्रश करने का तरीका– बच्चों को टूथब्रश करने का तरीका सिखाते समय भी सावधानी बरतनी चाहिए। कई बार माता–पिता जल्दी–जल्दी में बच्चों का ब्रश करा देते हैं या उन्हें खुद ब्रश करने देते हैं, जिससे वे सही तरीके से सफाई नहीं कर पाते। बच्चों को धीरे–धीरे और सही तरीके से ब्रश कराना चाहिए ताकि वे हर हिस्से तक पहुंच सकें और उनके सभी दांत साफ रहें। इसके अलावा बच्चों को ब्रश करते समय गुनगुनाने या कहानी सुनाने से भी मजा आता है।

फ्लोराइड का अधिक उपयोग– फ्लोराइड दांतों की सुरक्षा के लिए जरूरी होता है, लेकिन इसका अधिक उपयोग बच्चों के लिए हानिकारक हो सकता है। अधिक फ्लोराइड से बच्चों को फ्लोराइड से जुड़ी समस्याएं हो सकती हैं, जिससे दांतों में पीलापन आ सकता है या वे कमजोर हो सकते हैं। इसलिए हमेशा डॉक्टर की सलाह अनुसार ही फ्लोराइड का उपयोग करें और बच्चों को थोड़ी मात्रा में ही फ्लोराइड युक्त पेस्ट दें। इसके अलावा बच्चों को पानी से कुल्ला करने की आदत भी सिखाएं। बिना निगले पानी से कुल्ला करना– बच्चों को ब्रश करने के बाद पानी से कुल्ला करना सिखाना बहुत जरूरी है ताकि उनका मुंह साफ रहे और बैक्टीरिया दूर रहें। हालांकि, कई बार माता–पिता यह गलती कर देते हैं कि वे बच्चों को पानी निगलवा देते हैं, जिससे उनके पेट पर बुरा असर पड़ सकता है। इसलिए हमेशा बच्चों को पानी निगलवाने से पहले उनका मुंह अच्छी तरह साफ कर लें और फिर उन्हें पानी पीने दें।

खुद ब्रश करने देना– बच्चों को खुद ब्रश करने देना अच्छा होता है, लेकिन अगर वे छोटे हों तो उन्हें खुद से ब्रश करने देना गलत हो सकता है। छोटे बच्चे सही तरीके से ब्रश नहीं कर पाते, जिससे उनके दांतों पर गंदगी रह जाती है। बेहतर होगा कि आप पहले खुद ब्रश करें और फिर उन्हें सिखाएं कि कैसे हर हिस्से तक पहुंचा जा सकता है। इसके बाद उन्हें खुद ब्रश करने दें ताकि वे सही तरीके से सफाई कर सकें।